

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार, 08 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-218 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## वक्फ बोर्ड के कुछ प्रावधानों से पूरा देश परेशान: शाह

**मुंबई,8 नवंबर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शिराला में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि 20 तारिख को पूरे महाराष्ट्र में मतदान होना है, और आप लोगों को इसमें निर्णायक भूमिका लेनी है। मैं डेढ़ महीने पहले महाराष्ट्र का दौरा कर रहा था। हर जगह एक ही बात है... लोग कह रहे हैं कि महायुती की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है। राज्य में NDA की सरकार बना दीजिए, ये दोनों मिलकर महाराष्ट्र को नंबर 1 राज्य बनाने का काम करेंगे। अमित शाह ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने इसी संकल्प पर कायम हैं। आपको आने वाले चुनाव की जिम्मेदारी लेनी होगी। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास यात्रा जारी रहे। जम्मू कश्मीर विधानसभा में बवाल के बीच शाह ने कहा कि ये कश्मीर हमारा है या नहीं, आप हमें बताओ? धारा 370 हटनी चाहिए थी या नहीं? ये कांग्रेस, एनसीपी, नकली शिवसेना... ये कहते हैं कि कश्मीर से धारा 370 नहीं हटनी चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाए गए वक्फ बोर्ड के कुछ प्रावधानों से पूरा देश परेशान है। उसमें बदलाव लाने के लिए पीएम मोदी संसद में बिल लेकर आये। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में



मंदिरों समेत पूरे गांव और लोगों की जमीन को वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिया गया है। मैं पवार साहब और उद्धव जी से पूछने आया हूं कि आप बताएं कि आप इस बिल का समर्थन करेंगे या विरोध करेंगे। वे जवाब नहीं देंगे। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अगर महाविकास अघाड़ी सत्ता में आए तो वे किसानों की जमीन वक्फ बोर्ड के नाम पर स्थानांतरित करने का भी प्रयास करेंगे। शाह ने कहा कि 500 साल से प्रभु श्रीराम टेंट में बैठे थें। कांग्रेस पार्टी राम मंदिर को अटका रही थी, लटका रही थी। मोदी जी आए, और 5 साल में ही उन्होंने भूमिपूजन भी किया, कंसट्रक्शन भी किया, और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। उन्होंने कहा कि हमने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भी बनाया, और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है, इसको कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि यहां चल रहे तुष्टीकरण को रोकने का एकमात्र उपाय महायुती की सरकार है। नाग पूजा फिर शुरू होगी, पूरे विधि-विधान से होगी, इसको कोई नहीं रोक सकता। अमित शाह ने सवाल करते हुए कहा कि मैं शरद पवार जी से पूछना चाहता हूं, 2004-14 तक आपकी अघाड़ी की सरकार थी, आपने महाराष्ट्र के लिए क्या किया? वो हिसाब नहीं देंगे... 10 साल में अघाड़ी की सरकार ने महाराष्ट्र को 1.91 हजार करोड़ रुपये दिए। वहीं 2014-2024 के बीच, पीएम मोदी ने महाराष्ट्र को 10 लाख 15 हजार करोड़ रुपये दिए हैं, और इससे चौतरफा विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के आने के बाद किसानों को हर साल 6000 रुपये दिए जा रहे हैं।

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पर्व संपन्न



**रायपुर,8 नवंबर।** संतान की सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना के लिए चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा किया। चौथे दिन श्रद्धालुओं ने उदयाचल सूर्य को अंतिम अर्घ्य अर्पित कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इससे पहले, गुरुवार शाम श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था। सप्तमी पर उदित होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए भक्तों का महादेव घाट और अन्य तालाबों के किनारे भारी जमावड़ा लगा रहा। लोक आस्था के इस महापर्व के प्रति श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने अपने परिवार के साथ वेदियों पर छठी मैया को धूप, दीप, नैवेद्य, फल, शाक आदि अर्पित किए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं जल में खड़ी होकर भगवान भास्कर से संतान सुख, समृद्धि और अपने सुहाग की सलामती की प्रार्थना की। पूजा-अर्चना और अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत संपन्न किया।

## संक्षेप

### जस्टिस गौतम भादुड़ी 9 को होंगे सेवानिवृत्त

**बिलासपुर,8 नवंबर।** हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस गौतम भादुड़ी 9 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं. सीनियर जस्टिस के सम्मान में आज 8 नवंबर को हाई कोर्ट के रूम वन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया है. जहां उन्हें चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की मौजूदगी में विधिवत विदाई दी जाएगी. 10 नवंबर 1962 को रायपुर में जन्मे जस्टिस भादुड़ी ने रायपुर से एलएलबी की डिग्री लेने के बाद रायपुर सिविल कोर्ट से ही वकालत शुरुआत की. कुछ वर्ष बाद जबलपुर हाई कोर्ट चले गये. छत्तीसगढ़ के गठन के बाद बिलासपुर में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में वकालत शुरू की. करीब 13 साल तक काम करने के बाद उन्हें 16 सितंबर 2013 को हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया. इसके बाद से वे न्यायदान करते चले आ रहे हैं. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन रहते हुए उन्होंने नेशनल लोक अदालतों के बेहतर आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई.

### शूटिंग के दौरान घायल हुए सुनील शेट्टी

**मुंबई,8नवंबर।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं. खबर है कि वह एक फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं. एक एक्शन सीन फिल्माते समय उनकी पसली में चोट लग गई है. सुनील शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपने सभी फैंस को अपनी हेल्थ अपडेट दिया है. चोट लगने के बाद सेट पर ही डॉक्टरों को बुलाया गया और उनका इलाज किया गया. इस मामले में सुनील शेट्टी की टीम ने कहा, 'अन्ना आज एक एक्शन सीक्रेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं.

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा रहेगा बरकरार

### सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली,8 नवंबर।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा अभी बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को बरकरार रखने पर ये ऐतिहासिक फैसला दिया है। सीजेआई डीवाई ने कहा कि एएमयू अल्पसंख्यक संस्थान है। सीजेआई समेत चार जजों ने एकमत फैसला दिया है जबकि तीन जजों ने डिसेंट नोट दिया है. मामले पर सीजेआई और जस्टिस पारदीवाला एकमत हैं। वहीं, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा का फैसला अलग है। इस तरह से यह फैसला 4:3 से तय किया गया। कोर्ट ने संविधान के आर्टिकल 30 का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक समुदाय को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उसे चलाने का अधिकार है। बता दें कि 2005 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान मानने से इनकार कर दिया था। एएमयू ने इसके खिलाफ सुको में अर्जी दी थी। 2006 में तत्कालीन यूपीए सरकार फैसले के खिलाफ सुको गई थी। हालांकि 2016 में राज्य सरकार ने याचिका वापस लेने का फैसला लिया था। कोर्ट ने अजीज बाशा वाला फैसला पलट दिया है, लेकिन एएमयू के स्टेटस पर फैसला 3 जजों की बेच बाद में करेगी।सर्वोच्च अदालत के इस फैसले ने एएमयू की अल्पसंख्यक चरित्र की धारणा पर सवाल उठाया। इसके बाद देशभर में मुस्लिम समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किए जिसके चलते साल 1981 में एएमयू को अल्पसंख्यक का दर्जा देने वाला संशोधन हुआ।

## रायपुर में जुटेंगे सड़क निर्माण और सुरक्षा से जुड़े देशभर के विशेषज्ञ

**रायपुर. 8 नवम्बर।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी आज शाम से रायपुर में आयोजित भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ करेंगे। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में 8 नवम्बर से 11 नवम्बर तक इसका आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव भी 8 नवम्बर को शाम साढ़े चार बजे आयोजित अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। चार दिनों तक चलने वाले भारतीय सड़क कांग्रेस के अधिवेशन में सड़क निर्माण और सड़क सुरक्षा से जुड़े देशभर के दो हजार से अधिक विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अभियंता और अधिकारी शामिल होंगे। अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में सड़क निर्माण तकनीक और सामग्री से संबंधित तीन गाइडलाइन्स और एक मैनुअल भी जारी किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने साइंस कॉलेज परिसर में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के तहत आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण कर सड़क निर्माण, सड़क सुरक्षा, निर्माण सामग्री और सड़कों के रखरखाव से जुड़ी मशीनरी व उपकरणों की निर्माता तथा आपूर्तिकर्ता कंपनियों के प्रतिनिधियों से इनकी जानकारी ली। विभिन्न कंपनियों द्वारा यहां लगाए गए स्टॉल्स मंर सड़क निर्माण से संबंधित तकनीकी मटेरियल्स, डिजाइन, टेक्नोलॉजी इत्यादि का प्रदर्शन आगामी चार दिनों तक किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय सड़क कांग्रेस सड़क एवं सेतु निर्माण से संबंधित मानक एवं गाइडलाइन्स निर्धारित करने वाली देश की सर्वोच्च संस्था है। आईआरसी में भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एन.एच.ए.आई.डी.सी.एल.,



बी.आर.ओ., मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेस, एन.आर. आई.डी.ए., ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, सभी राज्यों के लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण सड़क निर्माण विभाग, पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर, रिसर्च आर्गेनाइजेशन्स के इंजीनियर्स की सोसायटी आदि शामिल हैं। श्री साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में बताया कि आईआरसी का मुख्य उद्देश्य सड़क निर्माण, सेतु निर्माण एवं यातायात से संबंधित मानकों का निर्धारण करना तथा निर्माण संबंधी गाइडलाइन्स एवं मैन्युअल तैयार करना, समय-समय पर उनका पुनरीक्षण करना, देश-विदेश में आ रही सड़क निर्माण की नई तकनीकों एवं सामग्रियों का अध्ययन कर देश में लागू करने के लिए मानक तैयार करना है। आईआरसी द्वारा जारी किए गए मानकों एवं गाइडलाइन्स के अनुसार ही भारत सरकार एवं अन्य सड़क निर्माण विभाग सड़क निर्माण करते हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पहली बार यहां आईआरसी का वार्षिक अधिवेशन हो रहा है जो कि प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के.के. पीपरी और भारतीय सड़क कांग्रेस के महासचिव श्री एस.के. निर्मल ने भी प्रेस-कॉन्फ्रेंस में अधिवेशन के बारे में जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह भी इस दौरान मौजूद थे। आईआरसी के चार दिवसीय अधिवेशन के दौरान विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, अभियंताओं और अधिकारियों के बीच विभिन्न बैठकों, परिचर्चाओं, तकनीकी सत्रों और दस्तावेजों पर चर्चा होगी।



# महिला कृषक अदिति कश्यप का साहस और मेहनत प्रेरणा स्त्रोत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 नवंबर।** कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड के ग्राम पालीगुड़ा की रहने वाली महिला कृषक श्रीमती अदिति कश्यप को राज्य अलंकरण पुरस्कार वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट कृषि कार्यों और प्रेरणादायक उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 24वी वर्षगांठ पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा श्रीमती अदिति कश्यप को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्य स्तरीय इस सम्मान के लिए कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिलेवासियों की तरफ से श्रीमती अदिति कश्यप को बधाई और शुभकामनाएं दी है। महिला कृषक अदिती कश्यप मूलतः कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम पालीगुड़ा की निवासी है। अदिती कश्यप ने केवल 10वीं तक शिक्षा प्राप्त की है। अदिती कश्यप के पति पुलिस विभाग में कार्यरत है, जो वर्तमान में अम्बिकापुर में पदस्थ हैं। लेकिन पिछ्ले 18 वर्षों से अकेले रहते हुए पालीगुड़ा खार रानीसागर के पास 15 एकड़ में खेती बाड़ी का काम स्वयं करती हैं। गृहणी होकर भी रोजाना खेत जाती हैं। फसलों में धान, चना, गेहूं, मक्का के अलावा उद्यानकी फसल भी लेती हैं। अदिती कश्यप ने पर्यावरण सुरक्षा में सहभागिता निभाने के लिए खेत के मेड़ों का सदुपयोग करते हुए नींबू, चीकू, आम, जामून, अमरूद,



सीताफल, कटहल आदि फलदार वृक्ष रोपित किये हैं, जिससे पर्याप्त आमदनी होती है। अदिती कश्यप ने 1 एकड़ में 30 क्विंटल धान उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, वह भी उस क्षेत्र में जहां पहले प्रति एकड़ केवल 11 क्विंटल धान उत्पादन होता था। अदिती कश्यप द्वारा बॉयर 6444 किस्म का श्री विधि से लगाई हुई धान के फसल की 135 दिन बाद कटाई हुई तो अदिती स्वयं अचंभित हो गई, इस पैदावार से प्रधानमंत्री भी प्रभावित हुए। कर्नाटक में 2 जनवरी 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कृषि कर्मण्य पुरस्कार के साथ 2 लाख रूपये और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित हुई, इसके साथ ही राज्य स्तरीय कई अवार्डों से सम्मानित हुईं। जब अदिती कश्यप ने खेती करना प्रारंभ किया तो लोग उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन खेती के प्रति उनका जूनून इस कदर था कि उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाया, अपने खेती के बदौलत अदिती कश्यप ने ट्रैक्टर, ट्रॉली, रोटावेटर एवं अन्य कृषि उपकरण लिये हैं। अदिती कश्यप की 3 बेटियाँ हैं, जिनमें से दो डॉक्टर व एक फार्मासिस्ट हैं। अदिती कश्यप का कहना है कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर उनका साथ दे रहीं हैं, और एक नया आयाम हासिल कर रही हैं। आज स्थिती यह है, अदिती कश्यप अन्य महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिये एक प्रेरणा स्त्रोत है, जिससे प्रेरणा लेकर आस पास की हजारों महिलाएं और पुरुष किसान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से अदिती कश्यप के साथ जुड़कर परामर्श एवं मार्गदर्शन लेकर अपना जीवन बदल रहे हैं। अदिति कश्यप का यह योगदान और साहस निश्चित ही सभी के लिए एक प्रेरणा है और यह सम्मान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना और उनके साहस का प्रतीक है।

## एक नजर

### अवैध रेत भरी गाड़ी पकड़ाई

**भिलाई, 8 नवंबर।** भिलाई रात्रि गश्त के दौरान अवैध रुप से रेत से भारी गाड़ियां परिवहन करते पकड़ी। उन्होंने 7 गाड़ियां कुम्हारी थाना के सुपुर्द किया गया। साथ ही चेकिंग के दौरान 07 वाहनों में कमियां पाए जाने पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( ट्रैफिक ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि रात 12 बजे से तड़के 4 बजे तक रात्रि गश्त के दौरान अपनी टीम के साथ दुर्ग भिलाई का भ्रमण करते हुए जामुल बोगदा पुलिया, कुम्हारी एवं अहिवारा मार्ग में मध्यम भारी वाहनों को चेक किया एवं कुम्हारी क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करने वाले 7 वाहनों को थाना कुम्हारी के सुपुर्द किया गया साथ ही चेकिंग के दौरान 07 वाहनों में कमियां पाई गई। उप निरीक्षक यातायात जोन सिविक सेन्टर ने 07 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा आदेश अव्हेलना एवं बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई कर कुल 3600 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया वहीं शराब सेवन कर वाहन न चलाने की समझाइश दी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ट्रैफिक ) ऋचा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है यह कार्रवाई भवष्यि में निरंतर जारी रहेगा। गौरतलब हो कि एएसपी ने पूर्व में भी उतई-फुंडा मार्ग में भारी वाहनों को चेक किया था। इसमें 12 भारी वाहनों पर कार्रवाई की थी

### महिला को बाइक ने ठोकर मारी

**भिलाई, 8 नवंबर।** भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र मुर्गा चौक से पैदल जा रही महिला को एक बिना नंबर की बाइक ने पीछे से ठोकर मार दी। ठोकर से महिला गिरी और उसके सिर और घुटनों में चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 125 (ए) और 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है भट्ठी पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम करीब पौने 6 बजे सेक्टर- 4 पेट्रोल पंप के समीप निवासी उमा ठाकुर पैदल मुर्गा चौक से सेक्टर की ओर जा रही थी तभी पीछे से होण्डा ड्रीम युगा मोटर साइकिल जिसमें नंबर नहीं लिखा हुआ था उसके चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी इस दुर्घटना से महिला गिर कर घायल हो गई है आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी महिला ने प्राथमिक इलाज के बाद थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करवाई है ।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कारवाई होती रहेगीः प्रवीण खलखो

**कवर्धा, 8 नवंबर।** जिला एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश ओर जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में



यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो की मॉनिटरिंग में यातायात विभाग के स्टाफ ओर खुद खड़े होकर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के द्वारा यातायत के नियमों का पालन नहीं करने वालो पर चालानी कारवाई की जा रही है जिससे की जिले वासियों में यातायात का नियम पालन करने की जागरूकता आए । तेज गति से गाड़ी चलाने वालो ओर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो ओर बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालो को कारवाई के साथ साथ समझाइश भी दी जा रही है की यातायात के नियमों का पालन अवश्य करे । शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो पर लगातार कारवाई से अच्छे लोगो में यातायात विभाग की तारीफ हो रही है ।

### मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना बनी जीवनदायिनी

**भिलाई, 7 नवंबर।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 4 गाड़ी चलाई जा रही है। जनरल ओपीडी के डॉक्टर एवं विशेषज्ञ डॉक्टर बैठते है। आवश्यकतानुसार सभी प्रकार के ब्लड टेस्ट कराने की भी सुविधा गाड़ी में उपलब्ध है। डॉक्टर द्वारा लिखी गई सभी दवाईयां एवं जॉच निःशुल्क किये जाते है। प्रतिदिन नगर निगम भिलाई के सभी जोन में निर्धारित तिथि के अनुसार गाड़ी जा रही है। जहां पर श्रमिक लोग, उनके परिवार के सदस्य एवं आमजन इलाज करा सकते हैं। जो इलाज हम प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर कराते हैं वह डॉक्टर हमसे फीस लेते हैं हमे तमाम प्रकार की जांच लेबोरेटरी में जाकर कराते हैं। फिर जाकर हमें पता चलता है क्या बीमारी है इसमें मजबूरी में हमारा अनावश्यक पैसा खर्च हो जाता है। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के 3 मोबाईल मेडिकल युनिट एवं 1 दाई-दीदी-क्लीनिक बस नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चलती है। उसी में डॉक्टर नर्स और आवश्यकता अनुसार दवाई भी वितरित की जाती है। इसका समय सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक रहता है। वार्ड के सार्वजनिक स्थल पर लगाया जाता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में रहने वाले परिवारों से अनुरोध किये।

## मांदर पर थाप देते झूम उठे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**भिलाई, 8 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग छत्तीसगढ़ शासन के पैवेलियन में शानदार माहौल बना। रिखी और उनके समूह की प्रस्तुति की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुल कर तारीफ की। इस दौरान जब रिखी क्षत्रिय ने लोहाटी बाजा के साथ सरगुजिहा करमा की धुन छेड़ी तो मुख्यमंत्री साय भी खुद को रोक न सके। साय ने मांदर पर थाप देते हुए करमा नृत्य किया। जिस पर रिखी और उनके साथियों ने भी जमकर नृत्य प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया था। इस दौरान लगाई गई प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग के पवेलियन



में लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय अपने दल के साथ आदिवासी अंचल के दुर्लभ वाद्ययंत्र लेकर पहुंचे थे। यहां पहुंचने वाले आगंतुकों ने रिखी क्षत्रिय के इस दुर्लभ संग्रह को बेहद जिज्ञासा के साथ देखा और जरूरी जानकारी ली। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। उन्होंने रिखी और उनके समूह को बधाइयां दी और भविष्य में भी छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति को देश-विदेश में पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिखी क्षत्रिय और उनके समूह ने सरगुजिहा करमा की धुन पर शानदार लोकनृत्य प्रस्तुत किया। आदिवासी अंचल के नृत्य की शानदार प्रस्तुति देख मुख्यमंत्री साय भी खुद को रोक न सके और मांदर लेकर थाप देते हुए उन्होंने भी नृत्य में साथ दिया। इस दौरान रिखी और उनके समूह ने दुर्लभ वाद्य यंत्रों चटकोला, टिमकी, मोहरी, खनखना, ठडका, चरहे, सींग बाजा, खल्लर और चटका आदि बजा कर समां बांध दिया। रिखी के साथ प्रस्तुति देने वाले सहायक कलाकारों में कुलदीप सार्वा, रामकुमार पाटिल, डोरे लाल, कमल, उग्रसेन देवदास, अजीत, राजेश, दिनेश वर्मा, शिवम, परम रजक, संजीव, प्रदीप, नवीन, सुनील, प्रमोद ठाकुर, वेन कुमार, दादू, रिंकू, रंजीत, कुमारी अनुराधा, जया, जागेश्वरी, नेहा, प्रियंका, चंचल, लीना, हेमा, छोटी, ओमेश्वरी साहू और गीतांजलि साहू भी शामिल हैं।



कवर्धा। कवर्धा में धूमधाम से छठ पूजा पर्व मनाया गया ।

## आंधी-तूफान हो या गर्मी-बरसात 24 साल से बिना रुकावट निकल रही प्रभात फेरी

भिलाई, 8 नवंबर। पिछ्ले 24 साल से लगातार श्री राधे कृष्णा नाम जप अलौकिक महायज्ञ एवं प्रभात फेरी संस्था द्वारा सुपेला भिलाई में अनवरत प्रभात फेरी निकली जा रही है। इसकी शुरुआत 24 वर्ष पूर्व 7.11 2000 को मौन व्रत रखते हुए स्वर्गीय दिनेश वैष्णो द्वारा शुरू किया गया था। जिसका उद्देश्य था प्रभु का नाम जपना, लोगों को स्वस्थ रखना, धर्म का प्रचार करना, सभी को लेकर चलना, जो अभी तक चल रहा है। शुरुआत से जुड़े हुए त्रिलोक ताम्रकार ने बताया कि हनुमान मंदिर सुपेला से प्रभात फेरी निकली जाती है जो विभिन्न मोहल्ले से होते हुए सुपेला शीतला माता मंदिर तालाब परिसर में इसका समापन होता है। महिलाएं पुरुष सुबह 5:00 बजे हनुमान मंदिर सुपेला में इकट्ठा होती हैं।



वहां से गाते बजाते निकलती है। इनका जनता से अभिवादन रहता है, हेलो हाय छोड़िए राधे कृष्णा बोलिए। इसके संस्थापक वैष्णो की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्रीमती उमा वैष्णव दायित्व संभाल रही है। उनका कहना है हम सब निरोग हैं सुबह प्रभु का भजन करते हुए निकलते हैं। सुबह की हवा लाख टके की दवा होती है। इस प्रकार की गतिविधि के बारे में जब भारत विकास परिषद के भिलाई इकाई के समन्वय अनिल डागा को पता चला तो भारत विकास परिषद के तरफ से कोषाध्यक्ष नितेश ठाकुर, बी एन पांडे, राकेश साहू, अजय शुक्ला को लेकर के सुबह पहुंच गए। सुपेला शीतला माता मंदिर तालाब परिसर पर सभी महिलाओं का सम्मान करने। प्रभात फेरी करने वाले सभी सदस्यों को दीवाल घड़ी, वैदिक मंत्र स्तोत्र कैलेंडर, राधे कृष्णा लिखा हुआ पटका, मिठाई, भजन की किताब आदि देकर के उनका हौसला बढ़ाया। प्रभात फेरी में प्रतिदिन भाग लेने वाली सदस्या श्रीमती रुक्मणी ठाकुर, लता साहू, जोगेश्वरी, मंजुला ताम्रकार, के जिया पाल, दुबबाई, साधना कौशिक, लता यादव, सुलभ ताम्रकार, किरण साहू ,द्रौपदी साहू, राधाबाई पटेल, भुवनेश्वरी साहू, कृति ताम्रकार ,अनमोल चौबे, पवन सारथी, निर्मल सिंह, आदि के द्वारा यह पवित्र कार्य नियमित किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान भी इन सभी की प्रभात फेरी चलती रही किसी को भी कुछ नहीं हुआ सभी स्वस्थ रहे।



### नगरीय निकाय चुनाव लेकर चौक चौराहों पर चर्चा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले की राजनीतिक चर्चा कवर्धा शहर में सुबह से ही चाय पीते पीते लोग चर्चा करते हुए देखे जाते है । रामविलाश चन्द्रवंशी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग जिला भाजपा कवर्धा , जिला भाजपा अध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी,कांग्रेस से युवा कांग्रेसी नेता रवि चंद्रवंशी , बीजेपी नेता प्रताप चंद्रवंशी के चुनाव लड़ने की चर्चा ओर सुगबुगाहट लोगों ओर कार्यकर्ताओं में दिख रही है । जनवरी में चुनाव होने के आसार दिख रहे है और जिले में सैकड़ों कांग्रेसी और बीजेपी कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने के मूड में है और फिलहाल रायपुर और झारखंड चुनाव के बाद ही सही तस्वीर सामने आएगी । गांवों में भी चाय दुकान , पान ठेला और होटलों में भी राजनैतिक चर्चा होती हुई दिख रही है ।

## विधायक रिकेश ने छठ घाटों पर पहुंचकर दीं शुभकामनाएं



भिलाई, 8 नवंबर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शीतला तालाब सुपेला, रामनगर मुक्तिधाम, सूर्यकुण्ड गंगा घाट बैकुंठ धाम, सूर्यकुण्ड हाउसिंग बोर्ड पहुंच कर छठ व्रतधारियों और उनके परिजनों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। 8 नवंबर की सुबह विधायक रिकेश सेन सुबह 4 बजे ढांचा भवन तालाब कुरूद, सुबह साढ़े 4 बजे भेलवा तालाब, सुबह 5 बजे राधिका नगर दाऊबाड़ा तालाब, साढ़े 5 बजे घासीदास नगर और 6 बजे सेक्टर-2 तालाब पहुंचे।



### स्कन्दा षष्ठी समारोह की शुरुआत

**भिलाई।** स्कंदाश्रम में चल रहे स्कन्दा षष्ठी समारोह के तीसरे दिन की शुरुवात संकटाहारा गणपती हवन से हुई जो न्यायालय व शासकीय कार्य एवं सर्व विघ्न निवारण हेतु हुआ इसके बाद श्री शत्रु संहार सुब्रमान्य त्रिसदी अर्चना, श्री शत्रु संहार सुब्रमान्य त्रिसदी हवन श्री सुब्रमान्या पंचदशाक्षरी हवन हुआ तथा दोपहर को वडुगराजा, कन्या, सुहासिनी दंपति पूजा हुई जो सभी प्रकार के बुरे कर्मो से मुक्ति और पित्र श्राप के लिए हुआ यह पूजा एवं हवन सर्व जन कल्याण एवं समृद्धि के लिए आयोजित किया गया।

स्कंद षष्ठी महोत्सव के यज्ञ को विधिवत संपन्न करवाने तमिलानाडू के साथ मैहर, चेन्नै सहित कई राज्यों के आचार्य पंडित श्री रगवान शास्त्रीगल के नेत्रतव मे साई राम शर्मा, सबरी शर्मा, सुदर्शन शर्मा, सतीश शर्मा, गणेश शर्मा, गोपाल कृष्णन, वाइथेशरन, जय रमन, अरविंद दक्षिणमूर्ती, हरिकृष्णा अखिल शर्मा एवं सप्तगिरि आदि ने रगवान शास्त्रीगल का सहयोग दिया।



### छठ महापर्व पर सूर्योपासना कर मनीष ने किया घाटों का भ्रमण

**भिलाई, 8 नवंबर।** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने छठ के पावन अवसर पर आज भिलाई के विभिन्न छठ तालाबों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से भेंट कर उन्हें इस शुभ अवसर की शुभकामनाएं दी एवं वरिष्ठजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। पाण्डेय ने आज सेक्टर-2 छठ तालाब, छावनी में शीतला शहीद चुम्मन यादव सरोवर, लक्ष्मण नगर, बैकुंठ धाम एवं बापू नगर तालाब का भ्रमण किया और लोगों से भेंट की। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। छठ पूजा में सूर्य की आराधना की जाती है। इस त्योहार में प्रकृति के अनूठे उपहार नदियों और तालाबों की भी पूजा की जाती है। कठोर उपवास वाला यह त्योहार हमारे मन और आत्मा को शुद्ध करता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।

## शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए विद्युत जोन के बीएसपी कार्मिक

**भिलाई, 8 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में विद्युत जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले कार्मिकों को कर्म शिरोमणि एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्ण कुमार ने की। मेजबानी मानव संसाधन अधिकारी मिहिर मनोहर ने की। इसी सन्दर्भ में आयोजित कार्यक्रम में अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से अप्रैल से जून 2024 तिमाही के लिए सहायक महाप्रबंधक अर्जुन सिंह हल्बा तथा कर्म शिरोमणि पुरस्कार से माह फ़रवरी 2024 के लिए जूनियर इंजिनियर तुलसी राम देवांगन को, माह अप्रैल 2024 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट थान सिंह साहू को, माह मई 2024 के



लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट तिहारू लाल को, माह जून 2024 के लिए चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन मनोज कुमार पटेल को, माह जुलाई के लिए जूनियर इंजिनियर धनंजय कुमार साहू को, माह अगस्त 2024 के लिए जूनियर इंजिनियर गोकुल प्रसाद को तथा माह सितम्बर 2024 के लिए के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट मनोज दुबे को सम्मानित किया गया। विद्युत जोन के महाप्रबंधक गण, महाप्रबंधक प्रकाश, महाप्रबंधक पीके पाढी, महाप्रबंधक आर आर ठाकुर, महाप्रबंधक रविन्द्र कुमार, महाप्रबंधक बेंसी जार्ज, महाप्रबंधक सुश्री एस लक्ष्मी, महाप्रबंधक एम ए सिद्दीकी, महाप्रबंधक अक्षय कुमार नायक, महाप्रबंधक कुंतेल बघेल एवं उप महाप्रबंधक अनुरोध डारहे ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया एवं कार्यक्रम में पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहाना की। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन, शक्ति एवं विद्युत विभाग की कार्मिक एवं अनुभाग अधिकारी सुश्री डामेश्वरी बेलसर द्वारा किया गया।



**कवर्धा।** रायपुर कांग्रेस विधायक आकाश शर्मा को जिताने के लिए पूर्व विधायक ममता चंद्राकर का जनसंपर्क जारी

### प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने की छठ पूजा श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

**भिलाई, 8 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने आज सेक्टर -2 छठ तालाब पहुंचकर सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा- अर्चना की। उन्होंने छठ मइया की पूजा- अर्चना कर भिलाई वासियों और प्रदेश की खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने लोगों से भेंट करते हुए उनका हालचाल जाना और लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सूर्य देव विपुल ऊर्जा के स्त्रोत हैं। छठ एकमात्र पर्व है जहां हम अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देते हैं, नई सुबह और नई उम्मीद के साथ हमारे जीवन में सकारात्मकता का संचार हो। इस सकारात्मकता के साथ सूर्य देव हमें सदैव आगे बढ़ते रहने की ऊर्जा प्रदान करते हैं।



### जामुल में शिवलिंग और त्रिशूल तोड़ने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**जामुल।** जामुल नगर पालिका परिषद के अंतर्गत एसीसी चौक के पास बटकेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग व त्रिशूल तोडने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में युवक ने तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान किसी ने देखा तो वह भाग गया। घटना की जानकारी के मिलने के बाद बजरंग दल ने जामुल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जामुल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जामुल एसीसी चौक वार्ड स्थित बटकेश्वर महादेव मंदिर के चबूतरे में शिवलिंग की स्थापना की गई है। उसी में नंदी और शिव का त्रिशूल लगा हुआ है। बुधवार की रात को एक व्यक्ति ने देखा कि मोहल्ले का रहने वाला एक समुदाय विशेष का युवक शिवलिंग और त्रिशूल को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। जैसे ही उसने लोगों को देखा तो वो वहां से भाग गया। जानकारी मिलने के बाद बजरंग दल के सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों जामुल थाने जाकर मामले की शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी काफी नशे में था और इस दौरान उसने शिवलिंग व त्रिशूल तोड़ने का प्रयास किया।

# मानव को प्रकृति से जोड़ने का पर्व है सूर्य आराधना छठ पूजन: मुख्यमंत्री

## जलस्त्रोतों के संरक्षण व संवर्द्धन का संकल्प लेने मुख्यमंत्री ने किया आह्वान, खारुन नदी तट पर छठी मैया की मंगल आरती में शामिल हुए

**रायपुर, 8 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज शाम यहां राजधानी रायपुर के महादेव घाट पर आयोजित छठ महापर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि सूर्य आराधना छठ पूजन मानव को प्रकृति से जोड़ने का पर्व है। मुख्यमंत्री श्री साय खारुन नदी तट पर छठी मैया की मंगल आरती में भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन छठ पर्व आयोजन समिति महादेव घाट द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छठ महापर्व के इस कार्यक्रम में आकर मैं स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली अनुभव कर रहा हूँ। इस भव्य आयोजन के लिए मैं आयोजन समिति को बहुत बहुत बधाई देता हूँ। छठ महापर्व की प्रतीक्षा उपासक वर्ष भर करते हैं। इस महापर्व पर दूर-दूर से लोग चाहे कहीं भी रह कर काम कर रहे हों, वे छठ पूजा में शामिल होने पहुंचते हैं। सरकार के द्वारा भी छठ पर विशेष रेल आदि परिवहन की व्यवस्था की जाती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सूर्य भगवान की उपासना के इस पर्व में कठिन व्रत रखा जाता है। हमारी माताएं-बहनें निर्जला उपवास रखती हैं। छठ महापर्व हमें प्रकृति से भी जोड़ता है। नदी, तालाब आदि जल-स्त्रोत के करीब घाटों पर छठ की पूजा होती है, इस तरह इस पर्व में हम प्रकृति के समीप पहुंचते हैं। छठ पर्व पर हमें






नदी और तालाब जैसे हमारे जल-स्त्रोतों के भी संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज दिवंगत गायिका श्रीमती शारदा सिन्हा को भी श्रद्धांजलि देना चाहूंगा। उनके छठ गीतों को हमारी पूरी पीढ़ी ने सुना है। मैं छठी मैया और सूर्य भगवान से सभी छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करता हूँ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिन पंचमहाभूतों से हमारे शरीर का निर्माण हुआ है उनकी पूजा इस पर्व में होती है। छठ महापर्व ऐसा पर्व है जिसमें उगते सूर्य के साथ अस्त होते सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। सभी के ऊपर छठी माई की कृपा बनी रहे।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पिछले 10-15 सालों से महादेव घाट समिति द्वारा लगातार छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। छठ में अस्त होते सूर्य की आराधना हमें जीवन जीने का तरीका सिखाती है। इस पर्व का संदेश है कि जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव से हमें कभी परेशान नहीं होना चाहिए। मैं सभी को छठ की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, श्री संपत अग्रवाल, श्री अनुज शर्मा, पूर्व सांसद श्री सुनील सोनी, स्वामी श्री राजीवलोचन जी महाराज, श्री रामप्रताप सिंह, श्री संजय श्रीवास्तव, श्री पंकज शर्मा, छठ समिति महादेव घाट के सदस्यगण व बड़ी संख्या में उपासक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने दी लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन पर बधाई

**रायपुर, 8 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री भारतरत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन 8 नवंबर के अवसर पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने देश के लिए श्री आडवाणी जी के योगदान को याद करते हुए कहा है कि आडवाणी जी सशक्त तथा समृद्ध भारत की संकल्पना का अटूट समर्थन करने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने उपप्रधानमंत्री के पद पर आसीन रहते हुए देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।भारतीय संसद में सांसद के रूप में अपनी भूमिका के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए उन्हें उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आडवाणी जी ने श्री राममन्दिर आन्दोलन को आगे बढ़ाया और सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथयात्रा निकाली। उनके प्रयासों का सुखद परिणाम है कि आज लगभग 500 वर्षों बाद श्रीरामलला अपने मंदिर में विराजमान हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आडवाणी जी के देश हित में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस वर्ष उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में श्री लालकृष्ण आडवाणी जी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की है।

### महिलाओं ने विष्णु देव साय का जताया आभार

**रायपुर, 8 नवंबर।** महतारी वंदन योजना से दीपावली की खुशियां हुई दोगुनीमहतारी वंदन योजना से दीपावली की खुशियां हुई दोगुनीमहतारी वंदन योजना से दीपावली की खुशियां हुई दोगुनीमहतारी वंदन योजना से दीपावली की खुशियां हुई दोगुनी हमारे देश के सबसे प्रमुख त्यौहार दीपावली को हर्षोल्लास के साथ सभी मनाते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में इस बार दीपावली का त्यौहार महिलाओं के लिए दोगुनी खुशियॉ लेकर आया है। यह खुशियॉ उन्हें महतारी वंदन योजना की 9वीं किस्त की राशि से मिली है, जिसे दीपावली से पूर्व ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दीपावली की खुशियों के रूप में छत्तीसगढ़ की महिलाओं के खाते में अंतरित कर दिया था। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख माताओं एवं बहनों के बैंक खातों में प्रतिमाह एक-एक हजार रूपये का अंतरण किया जाता है, जिसमें बालोद जिले की 02 लाख 52 हजार से अधिक महिलाएं भी प्रतिमाह लाभान्वित हो रही हैं। दीपावली त्यौहार के अवसर पर बालोद जिले की महिलाओं ने अपने बैंक खातों में एक-एक हजार रूपए राशि अंतरित होने पर खुशी जाहिर करते हुए अपने विष्णु भैय्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। बालोद जिले के ग्राम सिवनी की श्रीमती देवकी बाई ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हे प्रतिमाह महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रूपए उनके खाते में मिल रहा है, जिसे वह अपने बैंक में जमा कर रही है। अभी दिपावली के अवसर पर इससे वह अपने घर में सभी के लिए कपड़े और जरूरी सामान खरीदी है, जिससे उन्होंने दिपावली का त्यौहार काफी खुशी से मनाया है। उसने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय उनके बड़े भाई की तरह उनका ख्याल रख रहे हैं, और इस माह दीपावली त्यौहार के पूर्व राशि अंतरित कर उन्होंने अपनी बहनों की खुशियों को दोगुना किया है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त किया है। श्रीमती ईश्वरी सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दीपावली त्यौहार के पूर्व हमें महतारी वंदन योजना की राशि उपलब्ध कराया है, इससे उन्होंने अपने लिए साड़ी ली है। इसी प्रकार श्रीमती सरिता और श्रीमती बसंती निषाद ने महतारी वंदन योजना के तहत नौंवी किश्त की राशि आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी हमारे बड़े भैय्या की तरह हमारा ख्याल रख रहे है। हमें प्रतिमाह एक हजार की राशि सीधे हमारे बैंक खाते में प्रदान कर रहे है। हमारे लिए अब हर माह की शुरूआत किसी त्यौहार से कम नही होती और मोबाइल में महतारी वंदन योजना की राशि आने का मैसेज देखते ही खुशियों से हमारा आत्मविश्वास जाग जाता है। इस माह दीपावली से पूर्व ही राशि आने से हमारी दीपावली की खुशियॉ दोगुनी हुई है, हमने इस माह की राशि का उपयोग दीपावली की खरीदी में किया है। बालोद जिले की इन महिलाओं ने महतारी वंदन योजना को सराहते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

### महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

**मोहला, 8 नवंबर।** किसी भी व्यक्ति के जीवन के लिए पैसे का बड़ा अहमियत होता है। पैसा ही वह सहारा होता है, जिससे वह अपने इच्छाओं को पूरा कर सकता है। जरूरत चाहे छोटी-छोटी हो या



बड़ी। हर चीज के लिए पैसे की बड़ी अहमियत होती है। महिलाओं को अपने द ै निक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पैसे की आवश्यकता तो होती है, ऐसे में महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रहा है। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से महिलाएं अपनी इच्छाओं को पूरी कर रही है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 82 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। इन महिलाओं के लिए योजना कारगर साबित हो रहा है। जिससे वह अपनी इच्छाओं को पूरी कर जीवन में उल्लास ला रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भरता के साथ स्वाभिमान पूर्वक जीवन जीने की राह प्रशस्त हुआ है। योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि से महिलाएं अपने दैनिक आवश्यकताओं के साथ-साथ घर गृहस्ती की वस्तुओं की खरीदारी करने के साथ ही अपने बच्चों की देखरेख के लिए खर्च कर रही है। विकास खंड मानपुर के ग्राम बेलगांव निवासी श्रीमती अनीता विश्वास ने बताया कि उसे हर महीने उसके खाते में 1000 रूपये की राशि मिल रही है। वह इस राशि को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि से वह अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपनी जरूरत को पूरा कर रही है। योजना के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

# साय को हटाकर रमन सिंह खुद मुख्यमंत्री बनने की कोशिश में: कुलबीर सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 नवंबर।** नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा की गुटबाजी को उजागर करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा की गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बनने की कोशिश में लगे हुए हैं। स्वयं ही प्रदेश में अराजकता का वातावरण तैयार कर रहे है। श्री छाबड़ा है यह भी कहा कि राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की कमी होना उस पर भी रहे सहे डॉक्टरों द्वारा इस्तीफा दिया जाना यह साबित करता है। कि डॉक्टर साहब अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति कितने लापरवाह है।




श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफा दिया गया है। जो कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव के विधायक डा. रमन सिंह की लापरवाही और राजनांदगांव के साथ हो रही उपेक्षा के जिम्मेदार डॉ. रमन सिंह है। जब कई माह से डॉक्टरों की मांग चले आ रही है जिसको भाजपा सरकार के संज्ञान में न लेना तथा डॉ. रमन सिंह खुद डॉक्टर होंके अपने क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज में होने वाले घटनाक्रम में लापरवाही दिखाना इस बात का प्रमाण है कि जो डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे हुए हैं। इसके पूर्व भी राजनांदगांव में तथा अन्य मेडिकल कॉलेज में भी डॉक्टर इस्तीफे दे चुके है। राजनांदगांव मेडिकल में रेडियोलॉजिस्ट में वर्तमान में एक ही डॉक्टर है। जबकि 7-8 डॉक्टर होने चाहिए, सर्जरी में 02 डॉक्टर है जबकि 08-09 डॉक्टर होने चाहिए। हड्?डी विभाग में 02-03 डॉक्टर है। जिसमें 07-08 डॉक्टर होने चाहिए। गाइनिक में 03 डॉक्टर है जिसमें एक एचओडी है। जबकि 07 से 08 डॉक्टर होनी चाहिए। मेडिसीन में 05 डॉक्टर है जबकि 10. डॉक्टर होने चाहिए। पैथोलॉजी में 03 डॉक्टर है जबकि 07 से 08 डॉक्टर होना चाहिए।

### केन्द्रीय मंत्री गडकरी भारतीय सड़क कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन का करेंगे शुभारंभ

**रायपुर, 8 नवंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज तकनीकी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज तकनीकी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज तकनीकी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज तकनीकी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी 8 नवम्बर से रायपुर में आयोजित भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ करेंगे। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में 8 नवम्बर से 11 नवम्बर तक इसका आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव भी 8 नवम्बर को शाम साढ़े चार बजे आयोजित अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। चार दिनों तक चलने वाले भारतीय सड़क कांग्रेस के अधिवेशन में सड़क निर्माण और सड़क सुरक्षा से जुड़े देशभर के दो हजार से अधिक विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अभियंता और अधिकारी शामिल होंगे। अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में सड़क निर्माण तकनीक और सामग्री से संबंधित तीन गाइडलाइन्स और एक मैनुअल भी जारी किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज शाम साइंस कॉलेज परिसर में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के तहत आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

## अदिति कश्यप को अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी सम्मान मिलने पर हर्षित है समाज

**रायपुर 8 नवंबर।** हर्षित है छत्तीसगढ़ का लोधी समाज जब अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित राज्यकीय सम्मान से बहन लोधी श्रीमती अदिति कश्यप को राज्योत्सव के समापन दिवस पर भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के हाथों सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय,राज्यपाल श्री रमेन डेका,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उपमुख्यमंत्री अरूण साव व अन्य उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी लोधी श्रीमती अदिति कश्यप को शुभकामनाएं दी है। इस सम्मान के लिए श्रीमती अदिति कश्यप ने छत्तीसगढ़ सरकार के अलावा महिला व बाल विकास विभाग व लोधेश्वरधाम लोधी क्षत्रिय समाज का आभार माना है। बता दें इससे पहले उन्हे प्रधानमंत्री कृषि कर्मण पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा इकाई के सचिव लोधी प्रहलाद दमाहे ने समाज की ओर से श्रीमती अदिति कश्यप को बधाई देते हुए सामाजिकजनों से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ में यह सम्मान दिया जा रहा है समाज के देश भर में रहने वाले स्वजातीय बंधु कम से कम 5 लोगों को इसे पोस्ट करें ताकि अन्य राज्यों में भी यह पुरस्कार प्रारंभ हो सके। अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी देश के लिए शहीद हुई यह हमारे लिए गौरव की बात है। सभी अपने घरों में अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की तस्वीर भी लगायें इससे हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। समाज के अध्यक्ष लोधी सुरेश सुलाखे ने बताया कि लोधेशवरधाम, लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा 24 नवंबर रविवार को लोधेशवरधाम, कुम्हारी टोल प्लाज़ा में दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया है।



## अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर बसपा ने भखारा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**भखारा 8 नवंबर।** बहुजन समाज पार्टी जिला धमतरी ने ग्राम पंचायत मड़ाईभाठा में तहसीलदार भखारा की अतिक्रमण की कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए अतिक्रमण की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने व आदेश निरस्त करने ज्ञापन सौंपा है और बसपा ने इसे राजनीति ईर्ष्या द्वेष के कारण कुछ व्यक्ति लोगों द्वारा फर्जी शिकायत किये जाना बताया है फर्जी शिकायत में भखारा तहसीलदार कार्यालय द्वारा अतिक्रमण तोड़ने की प्रक्रिया शुरू करने का आरोप लगाया है और कहा कि पीड़ित लोग लंबे समय से निवास कर रहे थे!बसपा जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर गरीब बेबस लोगों को प्रशासन द्वारा परेशान करना बंद करे।और तत्काल आदेश कार्रवाई निरस्त करें। ग्राम पंचायत मड़ाईभाठा के सरपंच व सचिव द्वारा भी अतिक्रमण में किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं करने भखारा तहसीलदार को लिखित आवेदन दिया गया है बसपा ने प्रशासन को किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नही करने की चेतावनी दी है बसपा ने आगे कहा है कि अगर कोई कार्रवाई की जाती है तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से बसपा के जिला प्रभारी आर.पी संभाकर,जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे,उपाध्यक्ष कल्याण सिंह निर्मलकर,जिला कोषाध्यक्ष प्रेमलाल कुर्रे,जिला सचिव हन्नु ताड़ी,विधानसभा प्रभारी किसन चांद,लुकेश देवांगन,ताम्रध्वज मारकंडेय,दीपक कोसरे,दुलार कोसरे,कमलेश छेकर,अजय निषाद,अजय साहू सहित पीड़ित परिवार के लोग मौजूद रहे!

## समाचार संक्षेप

### रासेयो के शिविर में 223 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



**भखारा 8 नवंबर।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय अधीन राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत संचालित हो रही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भेंडरा मे दिनांक 04 नवम्बर से 10 नवम्बर तक ÷मेरा युवा भारत के लिए युवा ÷ थीम पर किया जा रहा है। शिविर के तृतीय दिवस पर प्रात~ स्वयंसेवकों द्वारा गांव मे प्रभात फेरी कर नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागृत किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा योग, आसन एवं व्यायाम किया गया। परियोजना कार्य अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के ग्रामवासी,स्कूलों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित होकर अपना निऱ्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराए और उन्हें स्वास्थ्य टीम की ओर से निऱ्शुल्क दवाई वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 223 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में रक्त संबंधी टेस्ट,एल.एफ.टी,थायराइड टेस्ट कर सामान्य बुखार,सर्दी खांसी, इत्यादि का परीक्षण किया गया। उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। उदयगिरि एवं हिमालय दल के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत के प्रमुख चौक चौराहों,शासकीय भवनों,सड़कों के दोनों ओर तथा नालियों की साफ सफाई की गई। परियोजना कार्य के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय भखारा अध्यक्ष हरख जैन,विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी समिति सदस्य सुरेंद्र बेडगे,मनीष कुमार,प्रवीण कुमार रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरखचंद जैन ने अपने उद्बोधन में सामाजिक शिक्षा पर सहज एवं सटीक रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवक सामाजिक सेवा के माध्यम से अपना व्यक्तित्व विकास कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र बेडगे ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व से जुड़ी हुई प्रेरक घटनाओं से स्वयंसेवकों को प्रेरित किए और स्वयंसेवकों को उनके विचार का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किए। कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे द्वारा समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बौद्धिक परिचर्चा के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा देशी खेलकूद रूमाल झपट्टा खेल खेला गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक निरंजन कुमार द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया तथा स्वयंसेवकों से प्रत्यक्ष चर्चा कर परियोजना कार्य, शिविर गतिविधि,मेरा युवा भारत के लिए युवा की क्या भूमिका हो सकती है इत्यादि विषयों पर स्वयं सेवकों से सहज बातचीत किए। उन्होंने चर्चा के दौरान स्वयंसेवकों को राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर हेतु तैयार होने की बात कही। उन्होंने शिविर के सफल संचालन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किए।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा जिला संगठक को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम संपर्क कर सर्वे किया गया। स्वयंसेवकों की समीक्षा बैठक कर उनके समस्त गतिविधियों की प्रतिवेदन तैयार कराई गई। समीक्षा बैठक के बाद स्वयं सेवकों द्वारा समस्त गतिविधियों से संबंधित रचनात्मक कार्य किए गए। रात्रि कालीन भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम - नुक्कड़,नाटक,सांस्कृतिक नृत्य इत्यादि की तैयारी की गई।

### आदिमजाति विभाग की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

**रायपुर, 8 नवंबर।** अटल नगर नवा रायपुर स्थित पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी व्यावसायिक परिसर में आयोजित 24 वां राज्योत्सव में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की स्टॉल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा है। राज्योत्सव प्रारंभ होने के साथ ही लोगों की भारी भीड़ आदिम जाति विकास विभाग की स्टॉल पर देखने को मिला। वहीं दूसरे दिन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भी विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने स्टॉल में बनाए गए सेल्फी जोन में परिवार संग एक फोटो भी खिचवाई। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने उनका अभिवादन करते हुए उन्हें प्रदर्शनी के थीम के बारे में विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कि विभागीय मंत्री श्री रामविचार नेताम के निर्देश के अनुसार इस बार की झांकी ''जनजातीय गौरव शौर्य और संस्कृति का बखान'' थीम पर बनाई गई थी। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा एवं सचिव सह आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा स्वयं पूरे स्टॉल की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। स्टॉल की खूबसूरती, जनजातीय शौर्य एवं जनजातीय संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंच रहे थें। स्टॉल में स्वतंत्रता काल के दौरान छत्तीसगढ़ में हुए जनजातीय विद्रोहों की एक झलक दिखाई गई है, जो कि जनजातीय शौर्य को दर्शाती है। साथ ही जनजातीय समृद्ध संस्कृति को भी झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा जनजातियों के परंपरागत आभूषणों एवं विभागीय योजनाओं को भी फ्लैक्स के माध्यम से बखूबी प्रदर्शित किया गया। साथ ही आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जनजातीय क्षेत्र में किए गए शोध प्रकाशन को भी अवलोकन हेतु प्रदर्शित किया गया। आमजन को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही।

## ग्रीष्मकालीन धान की पैदावारी पर रोक लगाने का विरोध

# किसानों को छल रही भाजपा सरकार: मदन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 नवंबर ।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ की सत्ता सीन भाजपा ने किसानों के साथ एक बार और विश्वास घात किया है। चुनाव के समय ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध लगाने कोई बात नहीं कही थी। लेकिन रवि सीजन का धान बोने के समय ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध का फरमान जारी कर गांव-गांव मुनादी कर रही है। इससे ग्रामीण किसान ही नहीं गांव की खेतीहर मजदूर भी सरकार के इस निर्णय का विरोध जताने लगे हैं। ग्रामीण किसान मजदूर को गर्मी के दिनों में आर्थिक दशा सुधारने खेती ही मुख्य कार्य होता है। लेकिन इस पर भी प्रतिबंध लगाकर किसानों के साथ अन्याय और छल करने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय सरकार को आगामी आम चुनाव में इसका खामियाजा भुगतान पड़ सकता है। श्री साहू ने आगे कहा कि रबी सीजन में धान की खेती करने पर प्रतिबंध लग गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए अपील जारी की है। अब गांव-गांव में मुनादी कर किसानों को फसल नहीं लगाने की बात कही जा रही है। वहीं गांवों में हो रही मुनादी में धान की फसल लगाने पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगने की भी बात कही जा रही है। दरअसल खरीफ सीजन में ही मोटर पंप चलने की वजह से पेयजल स्तर में तेजी से गिरावट हुई थी। आशंका है कि रबी सीजन में किसान धान की फसल लगाते हैं तो करीब 50 हजार बोर के माध्यम से पानी खींचा जाएगा। इससे



जलस्तर तेजी से घटेगा। इससे आगे पेयजल की समस्या हो सकती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने किसानों से रबी सीजन में धान की बजाए दूसरी फसल लेने की अपील की है। ऐसी फसल लगाने कहा जा रहा है, जिसमें पानी का इस्तेमाल कम हो। हालांकि प्रशासन के इस फरमान से किसानों में आक्रोश भी है। गर्मी में धान की फसल को काम करने के लिए किसानों में जन जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार के पास ऐसी कोई योजना नहीं है। कि फसल चक्र परिवर्तन करें और दूसरी फसल लगाई उसकी क्या व्यवस्था है सरकार कैसे खरीदें बिना कोई योजना के फरमान जारी करना गलत है। यह फरमान को शासन वापस नहीं लिया तो किसानों के साथ सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

संपादकीय

## ट्रंप ने वापसी भी की रिकार्ड भी बनाया

अमरीका के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता थी कि पहली बार कोई महिला राष्ट्रपति बनेगी या फिर ट्रंप ऐतिहासिक वापसी भी करेंगे और नया रिकार्ड भी बनाएंगे। सबको पांच नवंबर का बेसब्री से इंतजार था, कोई ट्रंप के जीतने की बात कर रहा था तो कोई कमला के जीतने की उम्मीद कर रहा था। लोग कह रहे थे कि दोनों में कांटे की टक्कर है। रिजल्ट आने पर पता चला कि कहीं कोई कांटे की टक्कर नहीं थी,ट्रंप आसानी से बहुमत से जीत रहे थे। दोनों को मिले वोट से भी साफ हो जाता है कि दोनों के बीच कांटे की टक्कर तो नहीं थी।ट्रंप को 292 वोट पाकर जीते हैं तो कमला 224 वोट पाकर बहुमत से काफी दूर रह गई। अभी 37 सीटों का परिणाम आना बाकी है, यह सारी सीटें कमला जीत जाती हैं तो भी वह बहुमत से दूर ही रह जाएंगी। ऐसा होने वाला नहीं है, ट्रंप ने पिछले चुनाव की गलतियों से सबक लेकर इस चुनाव में अपना जनाधार बढ़ाने की ओर ध्यान दिया। ऐसे मुद्दों पर बोले जिसके कारण लोग उनको वोट दें।अमरीका में ट्रंप की यह जीत 131 साल बाद किसी राष्ट्रपति की जीत है, और ऐसे राष्ट्रपति की जीत है जो जीतने के बाद एक बार चुनाव हार गया और तीसरी बार जीतकर ऐतिहासिक वापसी की है।विपक्ष को चुनाव में जीतने के लिए कैसे मुद्दों का चयन करना चाहिए,यह देशों के विपक्ष की राजनीति करने वाले नेताओं की सीखना चाहिए। राजनीति में बड़ा नेता वह माना जाता है जो चुनाव में जनता से कहता है कि वह जीतेगा तो क्या क्या बड़े काम करेंगा। जनता सत्ता के लिए चुनाव लड़ने वालों को पसंद नहीं करती है, वह तो चाहती है उसका नेता तो ऐसा होना चाहिए जो देश व विश्व के लिए बड़े काम करे।सरकार जिन जिन मुद्दो पर विफल रही,ट्रंप ने उन उन मुद्दों को उठाया और जनता को यकीन दिलाया कि वह सत्ता में आएंगे तो अमरीका का गोल्डन युग शुरू होगा। जनता ने उनकी बातों पर यकीन किया और ट्रंप को जितने वोटों की उम्मीद थी उससे ज्यादा वोट जनता ने दिया। इससे सबसे प्रभावशाली मुद्दा था रूश-यूक्रेन युध्द को एक दिन में रुकवा देने का।उन्होंने लोगों को बताया कि अमरीकी सरकार ने अब तक यूक्रेन को दस अरब डालर दे चुका है। यह पैसा अमरीका के लोगों का है तथा इसे अमरीका के लोगों पर ही खर्च होना चाहिए। इससे अमरीका के लोगों का प्रभावित होना स्वाभाविक था क्योंकि यह लडाइ अमरीका की नहीं है लेकिन उसका खामियाजा यहां के लोगों को भी भुगतना भी पड़ा। वैसे भी जब युध्द होता रहता है तो विश्व के लोग ऐसे नेता को बहुत पसंद करते हैं जो युध्द की जगह शांति की बात करता है। मोदी भी यही करते है, इसलिए वह विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, ट्रंप ने उनके नक्शेकदम पर चलने का फैसला किया तो जनता ने उसे पसंद किया और दुनिया के लोगों व अमरीकी सरकार को बता दिया कि जनता युध्द के पक्ष में नहीं है।इसके अलावा ट्रंप ने मिडिल क्लास को महंगाई से राहत देने,अमरीका पहले की नीति से स्थानीय लोगों को रोजगार देने का वादा किया। उन्होंने भी एक अच्छा नारा चुनाव में दिया कि मेक अमरीका ग्रेट अगेन। इसकी तुलना मोदी के विकसित भारत से की जा सकती है। किसी भी देश की जनता उस नेता को बहुत पसंद करती है तो देश के लिए कुछ अलग करना चाहता है। ऐसा कौन अमरीकी होगा जो अपने देश के ग्रेट नहीं बनाना चाहेगा। उसके वोट देने से अमरीका ग्रेट बनता है तो वह वोट तो देगा ही। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को देश से निकालने व सीमा सील करने ऐलान किया। इसे अमरीका के लोगों ने बहुत पसंद किया। इसकी तुलना यहां मोदी के अवैध बांग्लादेशियों व रोहिंग्या मुद्दे के की जा सकती है। किसी भी देश के लोग यह पसंद नहीं करते हैं दूसरे देश के लोग उनके देश में आकर अपराध करें, अशांति करें, उनको चैन से न रहने दें। ट्रंप को अपनी जीत तय करने के लिए वोटों का प्रतिशत भी बढ़ाना भी जरूरी था।यह काम भी उन्होंने पूरी गंभीरता से किया और माना जाता है कि इस बार स्पेनी मूल व अश्वेतों ने ट्रंप को वोट दिए हैं। कानून व्यवस्था पर ुन्होंने लोगों से वादा किया कि अपराधियों को कड़ी सजा दी जाएगी। सबसे बड़ी बात ट्रंप ने अपनी बात देश की जनता के सामने पूरी तरह साफ साफ कह दी कि उन्हें जिताने से अमरीका की जनता को क्या फायदा होगा, अमरीका को क्या फायदा होगा। देश के लोगों को उनकी बात कमला की तुलना में ज्यादा अच्छे से समझ आई और जनता ने कमला को नकार को ट्रंप को राष्ट्रपति चुन लिया। यहां भी कमला हैरिस ने वही गलती की जो गलती भारत में राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं ने की।तानाशाही के नाम पर लोगों को डराने की कोशिश की तो लोगों ने उनकी बात पर यकीन नहीं किया। जनता डर की राजनीति को बहुत ज्यादा पसंद नहीं करती है, वह राजनीति में डर की राजनीति को खाने में नमक की तरह पसंद करती है, यदि पूरी राजनीति ही डर की राजनीति हो जाए तो जनता बड़े मुद्दें उठाने वाले नेता को चुनती है, चाहे जनता भारत की हो या अमरीका की हो। अब सवाल उठता है कि इसका विश्व की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा। ट्रंप यदि पिछली बार की तरह ही विदेश नीति पर चले तो विश्व में वह शांति को बढ़ावा देने का काम करेंगे। वह युध्द की जगह विकास की बात करने वाले नेता है, वह नही चाहते हैं कि देश को किसी युध्द में बेवजह उलझना चाहिए। जहां तक भारत पर इसका क्या असर पड़ेगा तो जब तक मोदी हैं, अमरीका को भारत की मदद की जरूरत कई जगह पड़ेगी, इसलिए ट्रंप कितना भी कहें कि उनके लिए अमरीका पहले है, मोदी के लिए भी भारत पहले है।दोनों के बीच दोस्ती से बीच का कोई रास्ता निकाल लिया जाएगा। जहां तक मोदी का सवाल हैं तो उन्होंने विश्व राजनीति में ऐसी शतरंज की बिसात बिछा रखी है कि कोई उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता। सभी देश भारत से नजदीकी चाहते हैं क्योंकि भारत से नजदीकी का मतलब एक ऐसे देश का साथ होता है जो विश्व मंच पर अपना एक अलग प्रभाव रखता है।

समसामयिक

सनमुखदास भावनानीं

# भारतीय कानूनों में आतंकवाद व भ्रष्टाचार को एक ही परिभाषा के दायरे में लाना समय की मांग

वैश्विक स्तरपर आतंकवाद व भ्रष्टाचार दुनियाँ के हर देश को दीमक की तरह चाटकर बबार्दी के आलम तक पहुंचा रहे हैं,इसलिए हर देश इस महामारी से ग्रस्त है परंतु मेरा मानना है कि यह बात हर किसी के मन में होगी कि बिना किसी उच्चस्तरीय सहयोगसे यह दोनों बीमारियां पनपेगी नहीं, जैसे कोविड -19 को मिटाने एक वैक्सीन का सहारा लिया गया और उसी तरह आतंकवाद भ्रष्टाचार को समाप्त करने उसकी जड़ तक जाना होगा, जो ऐसा कर रहे हैं वही लोग आपस में त्रैमासिक सम्मेलन कर भ्रष्टाचार बिल्कुल नहीं लेने का हाल ढूंढे, तो इस महामारी को जीरो टॉलरेंस तक पहुंचा जा सकता है,जो भ्रष्टाचार हर जगह, एक चपरासी से लेकर बड़े ऑफिसर तक वह संत्री से लेकर मंत्री तक होने को कहा जाता है, हालांकि इसमें कुछ अपवाद भी हो सकते हैं, अगर यही आपस में त्रैमासिक सम्मेलन कर इसे जीरो टॉलरेंस तक पहुंचाने का प्रण ले तो भ्रष्टाचार देने वाले की हिम्मत नहीं होगी क्योंकि 10 से 50 पेर्सेंट तक कमीशन चलने के आरोप जन सभाओं में नेता लोग ही लगाते रहते हैं,यह सभी जानते हैं। जैसे अभी आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 7-8 नवंबर 2024 में सभी विशेषज्ञ बैठकर विचारविमर्श कर रहे हैं वैसे ही भ्रष्टाचार पर भी इस तरह का सम्मेलन होना चाहिए। मेरा मानना है कि आतंकवाद व भ्रष्टाचार को एक ही परिभाषा के दायरे में लाना जरूरी हो गया है यदि दोनों समाप्त हो जाएंगे तो भारत एक बार फिर त्रेतायुग की ओर चल पड़ेगा और सोने की चिड़िया कहलाएगा।चूँकि आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 7-8 नवंबर 2024 को शुरू हो गया है इसलिए मेरा मानना है कि इसी तर्ज पर भ्रष्टाचार विरोधी सम्मेलन भी रखना चाहिए जो त्रैमासिक स्तरपर हो, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 7-8 नवंबर 2024 सराहनीय है, परंतु अब भ्रष्टाचार को आतंकवाद का पयार्यी मानना अत्यंत जरूरी हो गया है।

साथियों बात अगर हम नई दिल्ली में शुरू आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 7-8 नवंबर 2024 की करें तो एनआईए के तत्वावधान में गुरुवार से दिल्ली में दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन शुरू हो गया है,केंद्रीय गृह मंत्रीद्वारा सम्मेलन के उद्घाटनकर संबोधन।सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचारविमर्श हो रहा है।पीएम के नेतृत्व में भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गयी है। सरकार आतंकवाद की बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है।वार्षिक सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचार-विमर्श हो रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान आतंकवाद-निरोधी जांच में अभियोजन और बदल रहे कानूनी ढांच पर भी चर्चा हो रही है।अनुभवों और बैस्ट प्रैक्टिसिस को साझा किया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री ने ने खुद सोशल साइट एक्स पर ट्वीट कर इस सम्मेलन के बारे में बताया कि सरकार अपनी शून्य सहनशीलता की नीति के साथ आतंक मुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने लिखा था कि दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन भारत के सुरक्षा गढ़ को मजबूत करने के लिए एजेंसियों के बीच समन्वय को और बढ़ाएगा।उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित चुनौतियों और अवसरों से जुड़े मुद्दों पर भी इस सम्मेलन के दौरान चर्चा होगी,इसके साथ ही इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और देशभर में विभिन्न आतंकवाद-निरोधी गतिविधियों पर भी चर्चा होगी।सम्मेलन में आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की रणनीतियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों भी विचार-विमर्श होगा।सम्मेलन का मुख्य फोकस संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई करना है और इसके लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना है।अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और रणनीतियों पर की जाएगी चर्चा।एनआईए द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, कानून, फोरेंसिक और प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञ आतंकवाद से निपटने के लिए कानूनी ढांचे, अभियोजन चुनौतियों और उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए। चचाओं में भारत भर में सक्रिय आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और रणनीतियों पर भी चर्चा की।हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना है उद्देश्य गृह मंत्रालय ने कहा कि आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 का मुख्य फोकस संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना है। बैठक का उद्देश्य भविष्य की नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करना भी है। दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर विचार-विमर्श और चचाएं केंद्रित होंगी। जिनमें आतंकवाद-रोधी जांच में अभियोजन और कानूनी ढांचा विकसित करना, अनुभवों और अच्छे तरीकों को साझा करना, उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित चुनौतियां और अवसर,अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और भारत भर में विभिन्न आतंकवाद-रोधी थिएटरों में आतंकीपारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की

रणनीतियां शामिल हैं।इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, आतंकवाद से निपटने से संबंधित मुद्दों से निपटने वाली केंद्रीय एजेंसियों और विभागों के अधिकारी तथा कानून, फोरेंसिक और प्रौद्योगिकी जैसे संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लिए। गृह मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों में परिचालन बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों तथा आतंकवाद से निपटने में लगी एजेंसियों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचारविमर्श किया जाता है।

साथियों बात अगर हम आतंकवाद व भ्रष्टाचार को एक ही परिभाषा के दायरे में लाने की करें तो, मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि इसका क्रियान्वयन शीघ्र तात्कालिक किया जाए, जिसकी अभी से सीधे रणनीति बनाकर टॉपअप से बॉटमअप तक व 747 जिलों से 5410 से अधिक तहसीलों तक पैनी नजर रखकर ऐसा जाल बिछाया जाए,कि एक चपरासी भी 10 रुपए की रिश्वत लेने से डरे! जिस तरह से माननीय गृहमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ बॉडी लैंग्वेज दिखाते हैं वह अब धरातल पर तात्कालिक लाना जरूरी है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार अर्थव्यवस्था को खोखला करने का सटीक कारण बन सकता है,जिसे हमें शीघ्र जड़ से काटकर फेंकना है, क्योंकि हमें अब जल्द 5 वीं से 3री अर्थव्यवस्था पर आना है तो, सबसे बड़ी बाधा भ्रष्टाचार को जड़ से कटकर फेंकना होगा, जिसकी जवाबदेही हर शासकीय कर्मचारी व जनता को एक साथ उठना होगा,अगर भ्रष्टाचार समाप्त होगा तो, भारत फिर सोने की चिड़िया बन जाएगा, यह स्वप्न जरूर लगता है परंतु मुझे पूरा विश्वास है कि यदि माननीय गृहमंत्री भ्रष्टाचार्यों को उल्टा लटका कर सीधा करने वाले संबोधन को धरातल पर प्रैक्टिकली शीघ्र लाएंगे तो इसकी गाज एक राज्य के कुछ जिलों में पड़ेगी, तो बाकी जिले अपने आप ठीक हो जाएंगे। चूंकि भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने, भ्रष्टाचार पर तात्कालिक सख़्ती से कदम उठाना अत्यंत जरूरी हो गया है।

साथियों बात अगर हम भारत को भ्रष्टाचार मुक्त करने की करें तो,नए भारत में एक बात को प्राथमिकता देना तात्कालिक अनिवार्य है। वह है भ्रष्टाचारको जीरो सहिष्णुता में लाना! क्योंकि यही वह कड़ी है जो प्राथमिकता से सभी योजनाओं, नीतियों और लक्ष्यों को बाधित कर देती है, साथियों जो विकास की योजनाएं चलती है उसमें एक छोटी टेबल से लेकर अंतिम मुख्य टेबल तक का रोल होता है। एक आम आदमी का काम भी एक छोटी टेबल से लेकर मुख्य टेबल तक होता है।परंतु इस बीच में भ्रष्टाचार का दीमक मलाई को चट कर जाता है जिसका दुष्परिणाम आम आदमी को ही भुगतना पड़ता है,पूरा बोझ इमानदार टैक्सपेयर पर पड़ता है,इसलिए इस भ्रष्टाचार रूपी दीमक को प्रशासनिक सख्ती, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिकों की मुख्य सहभागिता रूपी दवाई से मिटाने में आसानी होगी।




मेष- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने जरूरी कामों का लेखा-जोखा रखें और उन्हें पहले ही पूरा करने की कोशिश करें। आपके कामों में यदि कुछ उलझनें चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होंगी। आपकी योजनाएं फलीभूत होगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। यदि आपको किसी बात को लेकर टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको अपने सहयोगियों से मन की बातों को कहने का मौका मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपकी कुछ मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। जल्दबाजी में आप कोई निर्णय न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको किसी लड़ाई-झगड़ा को बढ़ावा नहीं देना है, तभी आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको अपने बॉस की किसी गलत बात पर हां में हां मिलाने से बचना होगा, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। धन को लेकर आपको योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कुछ नया करने की आदत से आपके बॉस खुश रहेंगे। आप अपने दिनचर्या को बेहतर रखने की कोशिश करेंगे। आप योग और व्यायाम पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा, तो आप उसके लिए आगे आएंगे, जिससे परिवार के सदस्यों को भी खुशी होगी। किसी धार्मिक आयोजन में भी आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को कोई अच्छी डील फाइनल हो सकती है। किसी नए वाहन को आप अपने घर लेकर आ सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई लड़ाई-झगड़ा चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आपको वरिष्ठ सदस्यों से राय लेनी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। व्यवसाय में आपको धन किसी से बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। नौकरीपेशा लोगों का कोई प्रोजेक्ट उनके हाथ से निकल सकता है। आप संतान के करियर को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपके कुछ काम यदि लंबे समय से रुके हुए थे, तो वह भी पूरे हो सकते हैं। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के अपने साथी से किसी बात को लेकर खटपट रहेगी। परिवार में यदि किसी बात को लेकर कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाएं और दोनों पक्षों के सुनकर कोई निर्णय ले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में आपकी कोई खास डील फाइनल हो सकती है।

तुला- आज आपको कानूनी मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी बात को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अपने विरोधियों से सावधान रहना होगा। सामाजिक गतिविधियों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लगेंगे। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं में आप ढील बिल्कुल ना दें। आपके खानपान में गड़बड़ी के कारण आपको पेट संबंधित समस्याएं बढ़ेंगी। आपको कुछ अजनबी लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा।

## बातों का जहाज

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गांव के चौपाल पर हर शाम की तरह बुजुर्ग लोग इकट्ठे हुए थे। किस्से-कहानियों और राजनीति की बातें करने का एक अनिवार्य कार्यक्रम रोजाना की तरह चल रहा था। इस दिन, चौधरी साहब ने बड़ी खबर दी झ ₹हमारे गांव में एक 'बातों का जहाज' उतरा है !₹ अब ये सुनकर हर कोई चौंका। ह्यबातों का जहाजह्ल! ये किस बला का नाम है? मुसद्दी मामा, जो हर बात पर तंज कसने से नहीं चूकते, हंसते हुए बोले, ₹अरे, चौधरी साहब! ये कौन सा जहाज है जो बातें लेकर आता है? ये बातों का खेल तो नेता जी खेलते हैं, कोई जहाज-वहाज नहीं होता! चौधरी साहब ने रहस्यमयी आवाज में कहा, ₹अरे मामा, तुम नहीं समझोगे। ये कोई मामूली जहाज नहीं है। ये उड़ता है और बातों से चलता है। इसमें पेट्रोल-डीजल नहीं लगता, सिर्फ हवा-हवाई बातें भर दो, और ये उड़ जाता है। सभी लोग ध्यान से चौधरी साहब की तरफ देखने लगे। ऐसा लगता था कि उन्होंने कोई अद्भुत चीज खोज निकाली हो। ₹तो किसने चलाया ये जहाज?₹ पप्पू, गांव का सबसे बड़ा सवाल पूछने वाला, जिज्ञासा से बोला। चौधरी साहब मुस्कुराते हुए बोले, ₹अरे बेटा, ये जहाज गांव के नेता जी ने चलाया है। उन्होंने कहा कि जितनी ज्यादा बातें करेंगे, जहाज उतना ही ऊपर उड़ेगा। नेता जी ने तो अपनी पूरी पार्टी की बातों से जहाज भर दिया। अब सभी के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई थी। बिल्लू काका बोले, अरे, ये तो बड़ा अच्छा साधन है! अब नेता जी को काम करने की जरूरत ही नहीं। बस बातें करते रहो और गांव का विकास भी उड़ता रहेगा! मुसद्दी मामा ने अपना तंज फिर से कसा, ₹बातों से विकास! वाह! ये तो नया फामूर्ला है। अब हम तो सालों से समझते थे कि काम से विकास होता है, लेकिन नेता जी ने साबित कर दिया कि बातें ही काफी हैं!₹

तभी गांव का एक बच्चा दौड़ता हुआ आया और चिल्लाया, ₹चाचाजी, वो जहाज टूट कर गिर गया! सभी लोग घबरा गए। कहां गिरा? कैसे गिरा? सबने एक साथ पूछा।

बच्चा बोला, नेता जी ने ज्यादा बातें कर दीं। जहाज इतना भारी हो गया कि उसका संतुलन बिगड़ गया और धड़ाम से गिर पड़ा! अब चौपाल पर सन्नाटा छा गया। सबकी आंखों में एक ही सवाल था झ 'क्या वाकई में बातों से जहाज उड़ सकता है?' मुसद्दी मामा ने ठहाका लगाते हुए कहा, देखा, मैंने पहले ही कहा था! बातें करना आसान है, लेकिन उन्हें संभालना मुश्किल। जहाज क्या, अगर ज्यादा बातें करोगे तो पूरा गांव ही उलट जाएगा! सबने एक-दूसरे की तरफ देखा और धीरे-धीरे समझ में आने लगा कि विकास की असली उड़ान सिर्फ बातों से नहीं हो सकती। अब चौपाल पर केवल एक ही बात थी झ 'बातों का जहाज' तो उड़ गया, लेकिन गांव का विकास धरातल पर ही पड़ा रहा।

## हल्दी पानी पीने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

हल्दी का इस्तेमाल खाने में रंग भरने के अलावा सदियों से पारंपरिक चिकित्सा में कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियों के इलाज के लिए भी किया जाता रहा है। हाल के अध्ययनों ने इसके शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और सूजनरोधी गुणों की पुष्टि की है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। सूजनरोधी गुणों के अलावा, हल्दी एक एंटीऑक्सीडेंट भी है जो सेहत के लिए लाभकारी है। ऐसे में सुबह के समय खाली पेट हल्दी का पानी पीने से आपको स्वस्थ शरीर और कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। चलिए जानते हैं सुबह के समय हल्दी का पानी पीने से आपको क्या फायदा होगा? रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता हैः हल्दी का इस्तेमाल रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए सदियों से किया जा रहा है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। साथ ही, नियमित रूप से हल्दी का पानी पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखने में मदद मिल सकती है जो संक्रमण से लड़ने और शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। पाचन में सुधार करता हैः नियमित रूप से हल्दी का पानी पीने से पाचन में सुधार, गैस को कम करने में मदद मिलती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए गए हैं, जो पाचन स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करते हैं।

**ब्लड शुगर होता है कमः** नियमित रूप से खाली पेट हल्दी का पानी पीने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है जो मधुमेह वाले लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है। हल्दी का इंसुलिन संवेदनशीलता पर भी सकारात्मक प्रभाव पाया गया है जो रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार करने में मदद कर सकता है।

**सूजन होता है कमः** हल्दी में कर्क्यूमिन नामक एक कंपाउंड होता है, जिसमें शक्तिशाली एंटी इन्फ्लामेट्री गुण पाए जाते हैं। नियमित रूप से हल्दी वाला पानी पीने से शरीर में सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है, जो पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद कर सकता है।

**दिल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम होता है कमः** नियमित रूप से हल्दी वाला पानी पीने से हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। यानी हल्दी वाला पानी पीना सेहत को बेहतर बनाने का एक प्रभावी तरीका है। हालाँकि, अगर आपको कोई स्वास्थ्य संबंधी चिंता है, तो हल्दी को अपने आहार में शामिल करने से पहले किसी पेशेवर से सलाह लेना जरूरी है।

शौर्य गाथा

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

# पुलिस की सहृदयता को नमन



हमने यह सुन रखा है कि जन्म देने से जान बचाने वाला ज्यादा महान और बड़ा होता है। यह कहावत सीधे - सीधे मानवता से संबंध रखने वाली प्रतीत होती है । दूसरी बड़ी बात यह कि इसी मानवता से जुड़ी इंसानियत यदि जिंदा है तो दुनिया में हर असंभव काम भी संभव बनाया जा सकता है । देश भर में बढ़ती जनसंख्या के बाद सबसे बड़ी समस्या यातायात व्यवस्था के रूप में सामने आ रही है । यह समस्या उस वक्त और भी ज्यादा विकट हो जाती है जब किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यथाशीघ्र हॉस्पिटल पहुंचाने की जरूरत से संबंधित हो , और बाइक के चक्के यातायात की भीड़ भरे मार्ग में टस से मस होने की स्थिति में न हों ! ऐसे में हमें समाज के उस सेवीवर्ग की याद आती है , जिसे समाज में सबसे ज्यादा आलोचना का सामना करना पड़ता है । जी ! हां ! मैं बात करना चाह रहा हूं खाखी वर्दी में हर अपराध पर नियंत्रण के लिए तैनात की गई पुलिस की । वैसे पुलिस का प्रदर्शन और उसकी कार्यप्रणाली प्रायः किसी भी वर्ग द्वारा बहुत ज्यादा पसंद नहीं की जाती है , यह कटु सत्य है । जब बात आपातकालीन यातायात व्यवस्था पर की जाती है तो हमें इसी सेवा से जुड़े मानव समाज के अति विशिष्ट वर्ग की याद आती है । ऐसा ही नजारा हमने अपने शहर में दीवाली से ठीक एक दिन पूर्व और दीवाली अर्थात लक्ष्मीणपूजा के दिन भीड़ - भाड़ से परिपूर्ण बाजार में पुलिस की सहृदयता के रूप में देखा और एक - एक क्षण की कीमत को पुलिस की सुंदर व्यवस्था के बीच पहचाना । राजनांदगांव संस्कारधानी को सार्थक करते हुए दो परिवारों के सदस्यों को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाने और घर तक लाने में जिला पुलिस की भूमिका वास्तव में नमन के योग्य है । मैं यह बताना जरूरी नहीं समझता कि आखिर पुलिस ने किन परिवारों के लिए अविस्मरणीय योगदान किया है । कारण यह कि लगभग हर स्थिति में मानवीय समाज द्वारा आड़े हाथों ली जाने वाली पुलिस का मानवतावादी स्वरूप जरूरतमंदों की हैसियत या उनकी सामाजिक स्थिति के चलते सामने नहीं आता है , बल्कि समय की नजाकत को समझते हुए अपनी कर्तव्य निष्ठता ही पुलिस द्वारा निभाई जाती है । नगर के अत्यंत ही सामान्य परिवारों से नाता रखने वाले दो जरूरतमंदों को पुलिस की ऐसी ही मदद उन क्षणों में प्राप्त हुई जब सभी ओर से संभावनाएं क्षीण दिखाई पड़ रही थीं । जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जी ने अपने सहयोगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा जी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की मदद से 30 अक्टूबर नरक चतुर्दशी के दिन हृदयाघात से पीड़ित एक युवक को सहायता ही नहीं पहुंचाई वरन उसका जीवन बचाने का प्रयास करते हुए नगर के भीड़ भरे बाजार से लेकर राजधानी रायपुर तक के 70 से 80 किलोमीटर दूरी को ग्रीन कॉरिडोर में तब्दील कर महज 65 मिनट में रायपुर के हॉस्पिटल में भर्ती कराकर उसके प्राणों की रक्षा में अपनी भूमिका का निर्वहन किया ! यह मानवीय कार्य उन दिनों पूरा किया गया जब नगर के हर छोटे - बड़े बाजार में यातायात नियंत्रण हेतु पुलिस की जरूरत थी । कोई सराहे , न सराहे , मै तो पुलिस कप्तान सहित उनके हर जवान को पूरे अदब के साथ सेल्यूट करना चाहता हूं 30 अक्टूबर को दिन में बाजार को चीरते हुए एक मरीज की जान बचाने का सकारात्मक प्रयास अभी नगर के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ ही था कि अगले दिन अर्थात 31 अक्टूबर लक्ष्मी पूजा के दिन फिर पुलिस की परीक्षा की चुनौती बड़े रूप में सामने आ खड़ी हुई । नगर के वरिष्ठ नागरिक के स्पाइनल का मेजर ऑपरेशन मुंबई के कोकिला बेन हॉस्पिटल में अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण स्थिति में सफलता के साथ पूरा किया गया ! अब समय था जब उन्हें बिना किसी हिचकोले अथवा किसी भी प्रकार के कष्ट या अवरोध के बिना घर तक पहुंचाना था । रायपुर विमानतल से राजनांदगांव प्रवेश द्वार तक तो परिवार जैसे - तैसे पहुंच चुका था । अब चुनौती थी कि शहर के सबसे व्यस्त जय स्तंभ चौक स्थित उनके घर तक उन्हें सुविधा पूर्ण ढंग से कैसे पहुंचाया जाए ? इस बात की जानकारी जब पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जी को हुई तब उन्होंने इसे भी अपने कर्तव्य का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए अपनी सेना के सहयोग से असंभव लगने वाले कार्य को संभव कर दिखाया ! नगर के पुराना बस स्टैंड चौक से नगर के भीतर प्रवेश करते ही मानों पीड़ित के लिए त्यौहार के बाजार से अस्त - व्यस्त मार्ग सुगम होता चला गया ! पीड़ित जिस वाहन में था उसके आगे और पीछे पुलिस पेट्रोलिंग वाहन के अलावा अगल - बगल में पुलिस जवानों की तैनाती ने यह सिद्ध कर दिखाया कि जन्म देने से जान बचाने वाला बड़ा होता है ! जब पीड़ित के घर के बाहर वाहन रुका तो ऐसा नजारा सामने आया जैसे महाभारत और रामायण सीरियल में एक बाण द्वारा सुरक्षा चक्र तैयार कर दिया गया हो ! पीड़ित को उतारकर घर की ऊपरी मंजिल तक पहुंचाने से पहले चारों ओर पुलिस जवानों के घेरे ने सिद्ध कर दिखाया कि जरूरत पर पुलिस अपना सर्वस्व लगाने तैयार बैठी है । हरित गलियारा अर्थात ग्रीन कॉरिडोर के किस्से कम नहीं हैं । राष्ट्रीय स्तर पर यदि ग्रीन कॉरिडोर के शुरूआती दिनों से चर्चा प्रारंभ की जाए तो अभी तक के योगदानों पर ग्रन्थ रचा जा सकता है । हृदय प्रत्यारोपण से लेकर किसी नवजात की जान बचाने का चेन्नई से लेकर मुंबई , दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में तैयार किए गए हरित गलियारों की भूमिका का साक्षी इतिहास के पन्नों में दर्ज है ! मैं अपने ही शहर के एक अन्य ग्रीन कॉरिडोर की यादों में खो गया हूं । मुझे सन याद नहीं किंतु इतना जरूर स्मृति में है कि राजनांदगांव के पूर्व महापौर और युवाओं के दिलों पर राज करने वाले दशहरा उत्सव समितियों द्वारा विराट आयोजनों की नींव रखने वाले विजय पांडे जी की तबियत खराब होने पर उन्हें माना विमानतल तक पहुंचाने के लिए भी इसी तरह का गलियारा बनाया गया था । पांडे परिवार के साथ ही शहर के लोगों की किस्मत ने साथ नहीं दिया और मुंबई पहुंचने के बाद भी विजय पांडे जी का जीवन नहीं बचाया जा सका । ईश्वर के विधान के आगे हम सभी नत मस्तक हैं , किंतु पुलिस ने अपना कर्तव्य निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी । पुनः ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से दीवाली की खुशियों को चार - चांद लगाने वाले पुलिस विभाग को सादर नमन करना चाहता हूं ।

**एक नजर**

## परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग हेतु 25 नवम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

**जगदलपुर 8 नवम्बर ।** जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग के लिए 25 नवम्बर तक आवेदन किया जा सकता है। अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र ने बताया कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छत्तीसगढ़ के मूल निवासी, स्नातक तथा वार्षिक आय 03 लाख से कम अभ्यर्थियों के लिए राजीव युवा उत्थान योजना 2019 के अंतर्गत आयोजित सत्र 2024-25 में जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है। प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश लेकर एसएससी, रेल्वे, व्यापम, बैंकिंग के परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। आवेदन पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर के नाम पर सभी जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, कलेक्ट्रेट कार्यालय या संस्था के ईमेल आईडी ptcdharampurajdp@gmail.com में स्कैन कर अंतिम तिथि तक जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु विभाग की वेबसाईट ह्लद्धद्बड्डद्य.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ से राजीव युवा उत्थान योजना 2019 विस्तृत जानकारी का अवलोकन कर एवं निर्धारित पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को जगदलपुर स्थित हॉस्टल में आवास, लाइब्रेरी, समाचार, पत्र-पत्रिकाएं आदि सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कुल 100 स्वीकृत सीट में अनुसूचित जनजाति के 50, अनुसूचित जाति के 30 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 20 सीट और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर, प्राक्कयन परीक्षा की संभावित तिथि 01 दिसंबर, परीक्षा परिणाम जारी करने की संभावित तिथि 03 दिसंबर, काउंसलिंग-दस्तावेज परीक्षण की संभावित तिथि 05 दिसंबर से 08 दिसंबर और प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ करने की संभावित तिथि 16 दिसंबर को है, अंतिम चयन सूची जारी करने की संभावित तिथि 10 दिसम्बर को और नवीन सत्र प्रारंभ होने की संभावित तिथि 16 दिसम्बर 2024 है आवेदन पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर के नाम पर सभी जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट कार्यालय या संस्था के ईमेल आईडी ptcdharampurajdp@gmail.com में स्कैन पर पीडीएफ फार्मेट में अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं।

## अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत 28 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर 8 नवम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम रायपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में छोटे-छोटे व्यवसायियों को आर्थिक सहायता करने हेतु निगम की बैंक प्रवर्तित योजना अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी में ऋण-अनुदान के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों से 28 नवम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत पात्रता के तहत आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष की होनी चाहिए, वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु एक लाख 50 हजार रूपए आय पटवारी द्वारा सत्यापित आय प्रमाण पत्र, जाति-निवासी तहसीलदार या सरपंच द्वारा सत्यापित, आधार कार्ड, परिचय पत्र, राशन कार्ड प्रस्तुत करना होगा।अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिले में विभिन्न व्यवसायों कपड़ा दुकान, किराना दुकान, बर्तन दुकान, होटल व्यवसाय, गैरेज, मुर्गी पालन, चिकन सेंटर, फैंसी स्टोर, स्टेशनरी सेलून, ब्यूटी-पार्लर, इलेक्ट्रानिक्स सामग्री रिपेरिंग, बेकरी व्यवसाय आदि में प्राप्त आवेदनों को तैयार कर संबंधित बैंक शाखाओं को प्रेषित किया जाएगा। बैंक को स्वीकृत ऋण के विरूद्ध प्रत्येक हितग्राही हेतु अनुदान राशि 10 हजार रूपए जो भी कम हो दिया जाएगा। उपरोक्त योजनाओं के आवेदकों को अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जगदलपुर कलेक्टोरेट परिसर, संयुक्त जिला कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक एफ-21-22 व 23 में 28 नवम्बर तक कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर 8 नवम्बर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सभी वर्गों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉड्यूल एम्प्लाएबल स्किल (एमईएस) कोर्सेस के अंतर्गत सहायक इलेक्ट्रीशियन एवं ऑटोमेटिक सर्विस टेक्नीशियन (वाहन रिपेयर) ट्रेड में कक्षा 5 वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र आरा मिल इकाई, जगदलपुर में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु दिनांक 20 नवम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अंचल के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। भोजन की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। आवेदन पत्र अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र आरा मिल इकाई, गीदम रोड जगदलपुर से कार्यालयीन समयावधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

## उचित मूल्य की दुकानों के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद 8 नवंबर ।** अनुविभाग बसना के अंतर्गत सहकारी समिति उड़ेला द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों–उड़ेला, चिपरीकोनहा, लोहड़ीपुर, कुरमाडीह और ग्राम पंचायत बेलटिकरी द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बेलटिकरी का समर्पण किया गया है। समर्पित ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) के आधार पर दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इसके अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों का नवीन आबंटन किया जाएगा।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना ने बताया कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# प्रशासन व जनप्रतिनिधि जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर गंभीर नहीं

- शिकायत के बावजूद पीडब्ल्यूडी अधिकारी नहीं कर रहे अपने कर्तव्यों का पालन
- सड़क निर्माण सभी राजनीतिक दलों की प्रत्याशियों के लिए केवल चुनावी वादा
- नगरीय निकाय चुनाव में सत्ता में काबिज जनप्रतिनिधियों को सिखाएंगे सबक : नगरवासी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 8 नवंबर।** लौहनगरी बैलाडीला बचेली भांसी से होकर जिला मुख्याल दंतेवाड़ा को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जो की पिछले कई वर्षों से अपनी विकास की राह देख रही है. कई वर्षों पहले बनी यह मुख्य मार्ग इतनी जर्जर हो गई है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क यह तय करने में भी मुश्किल हो रही है धूल के गुब्बारे से दुपहिया वाहन चालक व राहगिरो का सड़क में चलना अब चुनौती पूर्ण

हो चुका हैं वही बारिश के दिनों में इस सड़क पर कीचड़ और पानी भरने से भी लोगों को इस सड़क पर चलना फिरना असंभव तो हो ही जाता है साथ हि राहगीरों को दुर्घटनाओ का शिकार होना पड़ता है कई लोगों को इसी मार्ग पर दुर्घटनाओं के दौरान जान भी गवानी पड़ी हैं स्थानीय लोग बताते हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित जिले के बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि सिर्फ बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन यहां का विकास नहीं करते इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होती हैं, लेकिन अब तक इस सड़क पर सरकार और उनके मुलाजिम गंभीर नहीं दिख रहे जर्जर रोड की वजह से राहगीरों ,यात्री बसों, सहित मालवाहक वाहनों को भी गुजरने में हो रही मुश्किलेऐसा नहीं है की बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस सड़क की स्थिति से अवगत नहीं है या इस सड़क से होकर गुजरते नहीं है, चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों के वी.वी. आई.पी जनप्रतिनिधि भी इसी मार्ग से गुजरते हैं जिनकी सुरक्षा में सुरक्षा बलों के द्वारा आर.ओ.पी भी लगाई जाती हैं लेकिन हालात अब तक जस की तस है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मानें तो सड़क निर्माण नहीं होने के पीछे सबसे बड़ी लापरवाही पी.डब्ल्यू.डी विभाग की है. स्थानीय लोगों के मुताबिक लगभग 40 किलोमीटर किरंदुल से लेकर जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

*नवरत्न कंपनी एनएमडीसी हमेशा से स्थानीय लोगो की उपेक्षा व सौतेला व्यवहार लगातार करती आ रही हैं यह बड़ी विडंबना की बात है की लौहनगरी की राजस्व से पूरे प्रदेश का विकास हो रहा है वहीं लौहनगरी की दुर्दशा दीए तले अंधेरे वाली स्लोगन को चरितार्थ कर रही है।*

**विश्वजीत सरकार**
**नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, बचेली**

# लोहंडीगुड़ा विकासखंड में विधायक विनायक गोयल ने किया बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ



**जगदलपुर 8 नवम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है।इस ओलंपिक में नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को भाग लेने हेतु विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है।बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। इस ओलंपिक में विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।इसी तारतम्य में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिलों में प्रारंभ हो गए है बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा विकासखंड में चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल द्वारा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया। बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड में आयोजित बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कबड्डी, खो-खो,वॉलीबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। कमिश्नर श्री सिंह ने प्रतियोगिता स्थल पर मेडिकल सुविधा और भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चार दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश आयोजको को दिए। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री राजेंद्र डेकाटे, संबंधित क्षेत्र के शिक्षा विभाग के अधिकारी- शिक्षक और खिलाड़ी,खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## दो-पहिया वाहन मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण 11 नवंबर से

**महासमुन्द 8 नवंबर।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महासमुन्द द्वारा जिले के युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्थान के निदेशक, श्री टुटु बेहेरा ने बताया कि दो-पहिया वाहन मरम्मत का प्रशिक्षण 11 नवंबर 2024 से और फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण 13 नवंबर 2024 से शुरू होगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 35 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष होना चाहिए तथा आवश्यक दस्तावेज बी.पी.एल. राशन कार्ड, आधार कार्ड की 2- 2 प्रतिलिपियां, अंकसूची की 1 प्रतिलिपी, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो अनिवार्य है। इच्छुक युवक-युवती प्रशिक्षण से संबंधित अधिक जानकारी और निःशुल्क पंजीयन के लिए कमलेश पटेल (7999700673) एवं प्रतीक साहेब गुप्ता (9340281974) के मोबाइल नंबरों पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# पेड़ गिरने से पोल झुका, सूचना के बाद भी सो रहा बिजली विभाग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,8 नवंबर।** नगर के कैलाशनगर मोहल्ले में लोक निर्माण विभाग के रिटार्यड बाबू मो0 काशिम के घर के बरामदे में लगे एक नीम का पेड़ बीते 4 दिनों पूर्व टूटकर गिर गया था जिससे घर के मुख्य गेट के सामने स्थित एक बिजली पोल उसके चपेट में आ गया जिससे पोल नीचे से टूटकर एक ओर झुक गया। इसकी सूचना बिजली विभाग को तत्काल ही दे दी गई थी। बावजूद आज 5वां दिन बीतने को है मगर अब तक बिजली विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी टूटे हुए पोल को बदलने या सुधारने नहीं आया। ये हाल किसी गांव, कस्बे का नहीं बल्कि जिला मुख्यालय का है। बिजली विभाग की ऐसी घोर लापरवाही देख हर कोई हैरत में है। विभाग की ऐसी खस्ता और बदहाल हालत तो आज से तीन दशक पूर्व भी नहीं थी बल्कि उस जमाने में कम्प्लेन पर तत्काल सुधार कार्य हो जाया करते थे। विकास की अंधी दौड़ तथा आगे बढ़ने की होड़ में हम इतने पीछे कब हो गए ये हमें पता ही नहीं चला।

गौरतलब है कि जब से बिजली विभाग का आधे हिस्से का प्राईवेटेजेशन अर्थात निजिकरण हुआ है तब से प्रदेश भर में अंधकार का संकट छा गया है। दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में कोई दिन ऐसा नहीं गुजरता जब दो से चार बार लाईन न कटता हो। हालत यहां तक खराब हो चुका है विभाग का कि बिजली जाने, पोल टुटने, खम्बा गिरने, मीटर खराब होने या फिर ट्रांसफार्मर से शार्ट सर्किट होने की सूचना देने पर भी कर्मचारी कई कई दिनों तक सुधार करने नहीं आते। दंतेवाडा जिले में तो भगवान भरोसे बिजली विभाग का काम चल रहा है। पोल बदलने में देरी क्यों हो रही है। क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? जब यह सवाल विभाग के ए.ई. नीरज कुजूर से पुछा गया तो उन्होने कहा कि उन्हें खबर है कि कैलाशनगर में मो0 काशिम के घर के सामने की पोल टूटकर झुक गया है। उन्होने अपनी समस्या बताते कहा कि दीपावली में कर्मचारी छुटटी पर गए हैं जो अब तक वापस नहीं लौटे हैं संभवतः सोमवार तक वे डयूटी पर आएंगे जिसके बाद ही पोल बदला जा सकेगा। वाह रे दंतेवाड़ा का बिजली विभाग। क्या किसी अधिकारी, नेता या फिर वीआईवी के घर के सामने की पोल टूटी होती या गिरा होता तो भी विभाग ऐसा ही जवाब देता या फिर अब तक पोल बदला जा चुका होता? ये सवाल हम अपने सुधि पाठकों पर छोड़ते हैं?

# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व सम्पन्न

- दक्षिण बस्तर में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व
- छठ पूजा के लिये अल सुबह डंकनी नदी घाट पर श्रद्धालुओं का लगा जमावाड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 8 नवंबर।** चार दिनों से चला आ रहा लोक आस्था का महापर्व छठ आज कार्तिक माह के सप्तमी तिथि को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। अर्घ्य देने भोर से ही छठ व्रतधारियों का डंकनी नदी घाट पर जमावाड़ा लगना शुरू हो गया था। उगते सूर्य की पूजा अर्चना पश्चात अर्घ्य देकर छठी मईया से लोगों ने सुख समृद्धि की कामना की। उत्तर भारतीय समाज के लोगों का प्रमुख पर्व छठ पूजा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत बचेली, किरंदुल, गीदम व बारसूर क्षेत्र में धुमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार शाम षष्ठी तिथि को अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर शुक्रवार अल सुबह डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर पारंपरिक रूप से नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और भगवान भास्कर को दुध से अर्घ्य दिया। लोक आस्था का महापर्व छठ का हिन्दू धर्म विशेषकर बिहारी समुदाय में विशेष महत्व है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है। छठव्रतियों ने गुरूवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्यदेवता की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठी मईया से पुत्र तथा परिवार की दीर्घायु की कामना की। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुनः उसी घाट पर पहुंचकर व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि व शांति की कामना की। अर्घ्य देने घाट पर भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी में अलग अलग तरह के फल जैसे- केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, संतरा, मोसंबी, मूली, सिंघाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित सूप को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत गाते चल रही थी। डंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रतधारी महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य को नमन कर विधिवत छठी मैया की पूजा की । पुरूषों ने भी कच्चे दुध से अर्घ्य देकर सूर्यदेवता की आराधना की। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया। ठेकवा के अलावा सिंघाडा, सीताफल, केला, अदरक, हल्दी, नींबू, घाघर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घण्टे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास



का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। पर्व समापन पश्चात घाट पर ही सभी लोगों ने एक दूसरे को प्रसाद वितरण कर छठ की शुभकामनाएं दी।

## शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण, कई शिक्षक और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए



**सुकमा, 8 नवंबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री जीआर मांडवी ने बताया कि जगरगुण्डा और चिंतलनार क्षेत्र के 9 शालाओं का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला बुरकापाल में शिक्षक श्री पंकज कुमार सिदार की लगातार अनुपस्थिति के चलते विभागीय जांच की कार्यवाही शुरू की जाएगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगरगुण्डा में श्री एस.आर. मुचाकी (व्याख्याता एल.बी.), श्री महेन्द्र देवांगन (व्याख्याता एल.बी.), और श्री टीकमराम साहू (व्यायाम शिक्षक) अनुपस्थित पाए गए।इसी तरह, जनपद प्राथमिक शाला जगरगुण्डा में सहायक शिक्षक श्री बीवन कुमार, माध्यमिक शाला उरसांगल में शिक्षक श्री रमेश कुमार, माध्यमिक शाला मिसीगुडा में प्रधान अध्यापक श्रीमती मंजू ध्रुव और शिक्षक श्रीमती सपना कुजुर, माध्यमिक शाला तरलागुडा में शिक्षक श्री विजय कुमार और भृत्य श्री सुशील कुमार, और पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय चिंतलनार में सहायक शिक्षक श्री चम्पेश्वर पाण्डेय भी अनुपस्थित पाए गए।इसके अतिरिक्त, सुकमा, कोन्टा और छिन्दगढ के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा 32 अन्य शालाओं का निरीक्षण किया गया। बालक आश्रम शाला मेहता में सहायक शिक्षक श्रीमती नागेश्वरी दुर्गम और प्रधान अध्यापक श्रीमती तुलेश्वरी ठाकुर अनुपस्थित पाए गए, जबकि प्राथमिक शाला कुकानार में भी अनुपस्थितियां पाई गईं। इन शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए उनके वेतन में कटौती के निर्देश संबंधित डी.डी.ओ. को दिए गए हैं।

## आंबा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**सुकमा, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत महिला कर्मियों को मुलभूत सुविधा और लाभ केंद्र और राज्य सरकार से नहीं मिल रही है। इसे लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पंचायती राज के अधीन छत्तीसगढ़ में पंचायत कर्मी, शिक्षा कर्मीस्वास्थ्य कर्मी, पंचायत सचिवों जैसे मानसेवियों को सरकार नीति बनाकर उन्हें नियमित (शासकीय कर्मचारी) कर चुकी है। लेकिन हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका विगत 50 सालों से कार्यरत है लेकिन हम आज भी मानसेवी नहीं है। अनुरोध है कि सभी आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियमित करते हुए शासकीय कर्मचारी घोषित किया जावे। शासकीय कर्मचारी घोषित करने एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 21000/- और सहायिका को 17850/-जीने लायक वेतन स्वीकृत किया जावे। साथ ही वर्तमान में कार्यकर्ताओं को प्राप्त मानदेय 10000/-रुपये का 85 प्रतिशत राशि सहायिकाओं के लिए स्वीकृत किया जावे। 35-40 वर्ष विभाग की सेवा करने के बाद भी बुढ़ापे के समय जीवन यापन हेतु ना तो कोई पेंशन मिल रहा है और ना ही एकमुश्त राशि। कार्यकर्ता को 10000/-और सहायिका को 8000/-मासिक पेंशन और बुढ़ापे के शेष जीवन यापन के लिए कार्यकर्ता को 5 लाख रूपये और सहायिका को 4 लाख रुपये एक ग्रेज्युटी राशि प्रदान किया है। भविष्य की सुरक्षा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को समूह बीमा योजना (जीआईएस) में जोड़ा जाये। इस हेतु नीति निर्धारण किया जावे। कार्यकर्ता सहायिका के आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिया जावे। मानदेय को महंगाई भत्ता के साथ जोड़ा जाए महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जावे।वर्षों से अल्प मानदेय में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को पदोन्नति के पद रिक्त होने के बाद भी 50 प्रतिशत का प्रतिबंध होने के कारण इन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। 50 प्रतिशत का बंधन को समाप्त किया जाए और कार्यकर्ता को बिना उम्र बंधन के वरिष्ठता क्रम में बिना परीक्षा के सुपरवाइजर के रिक्त शत प्रतिशत पद पर लिया जावे। इसी तरह सहायिकाओं को भी 50 प्रतिशत के बंधन को समाप्त कर कार्यकर्ता के पद रिक्त होने पर शत प्रतिशत वरिष्ठता क्रम में कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति किया जावे।

## आंबा कार्यकर्ताओं ने किया ड्रेस कोड का विरोध

**सुकमा, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मानसेवी है और वह स्वयं जिस गांव में केंद्र में पदस्थ होते है वहीं के मतदाता नागरिक बहु बेटी है, इनको उस गांव के सभी जनता और हितग्राही पहचानते है इसलिए इनकी पहचान के नाम से उनके लिए ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाना व्यवहारिक नहीं है जिस दिन किसी कारण वश पहन के नहीं आ पाते हैं तो उस दिन का मानदेय काटना और बैठकों में ताना भी दिया जाता है ड्रेस कोड की अनिवार्यता को समाप्त किया जावे और यदि शासन की ओर से ऐसी कोई बध्यता है तो उसकी आदेश की प्रति उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे। साथ ही उस संबंध में निम्न निवेदन भी स्वीकार करने की कृपा करेंगे। यदि शासन की ओर से बाध्यता है तो आदेश की प्रति उपलब्ध कराते हुए अन्य विभाग स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्स, पुलिय विभाग में पुलिस और अन्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिनके लिए ड्रेस कोड की अनिवार्यता है तो प्रति माह धुलाई भत्ता और ब्लाउज पेटी कोट और उसकी सिलाई चार्ज भी स्वीकृत किया जावे। सुपरवाइजर के लिए भी ड्रेस कोड लागू हो पहचान के लिए मानसेवी होने के बावजूद भी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओं के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाता है जबकि कार्यकर्ता सहायिका उसी गांव के नागरिक है 20 से 25 केंद्र (गांवों) में निरीक्षण के लिए घूमने वाले सुपरवाइजर के लिए भी ड्रेस कोड अनिवार्य किया जावे।

## निविदा प्रपत्र विक्रय में गड़बड़ी

**सुकमा, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दोसापाल नगर पंचायत के स्थापना ने व्यथित होकर कहां है कि वर्तमान निर्माण कार्य के निविदा प्रपत्र विक्रय में गड़बड़ी व अफरा-तफरी की गई है। सभी सक्षम श्रेणी सुकमा जिला के ठेकेदारों को निविदा प्रपत्र विक्रय कर निकाय के राजस्व में अभिवृद्धि हो यह व्यवस्था प्रदान करें। राजस्व में अभिवृद्धि हो यह व्यवस्था प्रदान करें। कतिपय कराणों से निविदा प्रपत्र मात्र सीमित एवं चिन्हित को दिया गया हैं जो कि विधि विरूद्ध हैं। पुनः निविदा विक्रय होना चाहिए। इस हेतु एक उप जिलाधीश स्वर का अधिकारी की पर्यवेक्षण व निगरानी हेतु नियुक्ति की जाए।

# क्षत्रिय समाज की नई कार्यकारिणी घोषित,सुजीत सिंह बने अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 8 नवम्बर ।** बुधवार को नगर के जय प्रकाश सिंह चौहान की अध्यक्षता में गीदम ब्लाक में निवासरत सभी क्षत्रिय बंधुओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने अध्यक्ष पद हेतु सुजीत सिंह बैस के नाम का प्रस्ताव समाज के समक्ष रखा जिस पर समाज प्रमुखों ने सहमति जताई व समाज के अन्य सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सुजीत सिंह को क्षत्रिय समाज गीदम का अध्यक्ष चुना। सुजीत सिंह द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने एवं समाज को एकरूपता से जोड़ने की कौशल शक्ति के कारण ही उन्हें गीदम क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष के रूप में सभी ने अपनी सहमति जताते हुए अध्यक्ष निर्वाचित किया गया हैं। विदित हो कि सुजीत वर्तमान में गीदम नगर में व्यापारी संघ के अध्यक्ष भी हैं। व्यापारिक एवं सामाजिक कार्य में सदैव अग्रणी रहने, बड़े एवं छोटों के साथ शालीनता एवं सहज व्यवहार होने के कारण ही इन्हें समाज के अध्यक्ष पद पर आसीन किया गया हैं। क्षत्रिय समाज गीदम को अब आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी इनके कंधों पर होगी। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अजीत सिंह कुशवाह, सूरज सिंह, सचिव राघवेंद्र सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, सह सचिव रविन्द्र सिंह, सौरभ राठौर, आयुष चौहान सह कोषाध्यक्ष विवेक सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह चौहान, नितेश सिंह, राहुल सिंह, विशाल सिंह कुशवाह,शिवम् सिंह, आयुष सिंह, अजय सिंह, सिद्धार्थ सिंह, शिव सिंह राठौर, सृजन सिंह को चुना गया। उपरोक्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन क्षत्रिय समाज के समस्त सदस्यों के द्वारा बड़ों के मार्गदर्शन में सर्व सम्मति से किया गया।

## जिला में स्थानीय खेलों के लिए भारी उत्साह

**सुकमा, 8 नवंबर ।** बस्तर ओलंपिक 2024 के अंतर्गत सुकमा जिले में खेलों के प्रति स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शहरी सहित ग्रामीणों में पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़ कर पंजीयन करा चुके है। जिला प्रशासन के प्रयासों से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर क्षेत्र के युवाओं को रचनात्मक और खेल प्रतिभा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर संभाग में 'बस्तर ओलंपिक 2024' का आयोजन किया जाएगा।इस आयोजन में पारंपरिक खेलों जैसे कि कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, रस्साकशी और दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई है, जिससे सुकमा जिले में खेल और उत्सव का माहौल बन गया है।ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रेमियों का यह उत्साह दर्शाता है कि बस्तर ओलंपिक 2024 ने स्थानीय लोगों को एकजुट हो रहे है। युवा खिलाड़ियों में खासा जोश और आत्मविश्वास देखा जा है, जो उन्हें अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर रहा है।इस अवसर पर सुकमा जिले के खेल प्रेमी और विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में पंजीयन करा लिए हैं।

एक नजर

## 9 नवंबर को देवरी वाले बाबा का उर्स पाक



**गरियाबंद, 8 नवंबर।** हजरत सूफी शहीद इस्लाम शाह (देवरी वाले बाबा) का उर्स पाक समारोह 9 नवंबर को मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत सुबह 7 बजे परचम कुसाई से होगी। बाबा की मजार बोरसी से कौनकेरा मार्ग मे देवरी गांव में है। इसमें शामिल होने के लिए रायपुर,महासमुंद, राजिम गरियाबंद समेत आसपास के कई शहरों से लोग बड़ी संख्या में देवरी पहुंचते हैं। परचम कुसाई के बाद सुबह 11 बजे दरुद,ख्वानी और दोपहर 3 बजे से आम लंगर होगा।दरगाह परिसर से दोपहर बाद शाही संदल शरीफ निकाली जाएगी जो गांव का भ्रमण कर वापस दरगाह आएगी। उर्स पाक में शामिल होने के लिए जामा मस्जिद - महासमुंद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आफताब आलम रहमती साहब देवरी पहुंचेंगे। दरगाह के खादिम सूफी मोहम्मद वकील अहमद साहब ने बताया यह 21वां सालाना उर्स होगा। 10 नवंबर को सुबह 7 बजे कुल शरीफ का फातिहा होगी। जिसमें आप सभी को शामिल होने के लिए दावत दी जाती है।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद मरीजों को बिस्तर तक उपलब्ध नहीं

**पत्थलगांव, 8 नवंबर।** मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद प्रदेश के एक हिस्से से जब आंख फोडवा कांड टू की बातें सामने आ रही है,तो वही जशपुर जिले के पत्थलगांव सिविल हॉस्पिटल से मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद मरीजो की एक अमानवीय तस्वीर निकलकर सामने आयी है,जिसमे ऑपरेशन होने के बाद बुजुर्ग महिलाओ को सिविल हॉस्पिटल मे बैड तक उपलब्ध नही कराया जा सका। ऑपरेशन करने के बाद उम्र दराज महिला पुरूषो को बदबूदार फर्स पर दरी के सहारे सोने को छोड दिया गया। मरीज सारी रात सडांध मे परेशान होकर ठंड से ठिठूरते हुये सुबह होने का इंतजार करते रहे ऐसे मे सुबह जब मरीजो के परिजन उनसे मिलने पहुंचे तो अपने परिवारजनो की उस स्थिती पर काफी नाराज हुये। मरीज के परिजनो ने तस्वीर खिंचकर सांझा कर दी। एक बार फिर मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद यहा का सिविल हॉस्पिटल सुर्खियों मे आ गया,मरीजो की मार्मिक स्थिती देखने के बाद हॉस्पिटल प्रबंधन की लापरवाही खुलकर सामने आ गयी।

## राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में पांडुका हाईस्कूल की छात्राओं ने सफलता प्राप्त की



**फिंगेश्वर, 8 नवंबर।** भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, जिला सचिव रोमन लाल साहू, डी ओ सी स्काउट आशीष साहू, डी ओ सी गाइड सीमा साहू के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पाण्डुका के पांच गाइड दामिनी साहू (12वी ) खिलेश्वरी साहू (12वी ), रेशुका महिलांगे (10वी ) माधुरी हल्वा (10वी ), फलेश्वरी साहू (10वी ) चार रेंजर दिगेश्वरी साहू (12वी ), जया दीवान (12वी ), देविका साहू ( 11वी), गायत्री साहू (12वी ) ने सत्र 2024 ङ्ग25 में राज्यपाल पुरस्कार जॉच परीक्षा में सफलता अर्जित की है। उक्त सफलता पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नागेंद्र साहू ,संस्था प्रमुख प्राचार्य वाय.आर. साहू , रेंजर लीडर सीमा साहू ,रोवर लीडर रोशन सिंह ध्रुव, स्काउटर रविशंकर साहू ,गाइडर गोपेश्वरी साहू, जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू एवं समस्त स्टॉफ ने उक्त छात्रों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य कामना की है।

## कलेक्टर ने किया ओडिशा सीमा से लगे चेक पोस्ट का निरीक्षण, अवैध धान खरीदी रोकने निर्देश



**महासमुंद, 8 नवंबर ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने आज तहसील कोमाखान में ओडिशा राज्य की सीमा से लगे चेक पोस्ट नर्रा एवं टेमरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने मौके पर मौजूद टीम को अवैध धान की तस्करी रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।लंगेह ने कहा कि चेक पोस्टों पर निगरानी को कड़ा किया जाए और किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध धान परिवहन पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

## धान उपार्जन हेतु कलेक्टर ने किया खेतों मे उतर कर खसरा सत्यापन

**महासमुंद 8 नवंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु राज्य सरकार द्वारा किसान पंजीयन और समितिवार अनुमानित धान उपार्जन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस वर्ष एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत धान उत्पादक किसानों से फसल गिरदावरी के आधार पर भूईयां सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट धान के रकबे के आधार पर धान की खरीदी की जाएगी। भूईयां सॉफ्टवेयर में दर्ज फसल धान की प्रविष्टियों में 5 प्रतिशत का रैंडम सत्यापन भी किया गया है।

# शबरी नदी के तट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा संपन्न, महिलाओं ने 36 घंटे बाद खोला अपना व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 8 नवंबर।** बिहार एवं उत्तर भारतीय समाज के द्वारा बनाए जाने वाले महापर्व छठ पूजा सुकमा जिले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार के सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा संपन्न हुआ। इसके अलावा दोरनापाल, जगरगुंडा, चिंतलनार, तोंगपाल व पुसपाल सहित जिले के अन्य स्थानों में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित शबरी नदी घाट में अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देते हुए छठ व्रतियों ने पूजा संपन्न की। घाट में पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे, इस दौरान छठ पूजा को लेकर छठ व्रती महिलाऐं एवं पुरुष नदी में कमर भर से अधिक पानी में खड़े होकर डूबते हुए सूरज को अर्घ्य दिया। वहीं दूसरे शुक्रवार को छठ व्रती उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूजा समाप्त हो। सभी लोगों एक दूसरे की छठ पर्व में शुभकामनाये दी। इस दौरान नदी घाट में अन्य समाज की लोग भी नदी में पहंचकर छठ पर्व में शामिल हुए।

धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि शाम को सूर्य देवा को अर्घ्य देने के बाद घर भी पूजा अर्चना किया जाता और व्रती महिलाऐं प्रसाद बनाने की प्रक्रिया शुरू करती है एवं प्रसाद मिट्टी के चुल्हे पर बनाया जाता है। महिलाऐ एकत्रित होकर छठ मैया की गीत गाकर आराधान करती है। माहपर्व छठ की शुरूवात अरपा माता की महाआरती के साथ होती है,और चार दिनों चलने वाला पर्व है। कर्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से पहले दिन नाहय खाय से शुरू होता हैं, और सप्तमी के दिन अलसुबह उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठा पर्व सम्पन होती है।

### उगते सूर्य को अर्घ्य

सुजाता शर्मा ने बताया कि छठ पूजा के तीसरा दिन अस्ताचलगामी यानी डूबते हुए सूर्य को दिया जाता है. इस समय जल में दूध डालकर सूर्य की अंतिम किरण को अर्घ्य दिया गया है, सोमवार सुबह छठव्रती उदीयमान यानी उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए। इसी के साथ चार दिवसीय आस्था के इस महापर्व का समापन हुआ। छठव्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ प्रसाद ग्रहण किए।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सुकमा थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी ने बताया कि छठ पर्व को लेकर नदी घाट में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, वहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर पुलिस की जवान पूरे मुस्तैदी से लगे हुए। उन्होंने बताया कि छठ पर्व को लेकर सुरक्षा के मध्य नजर नदी में मोटर बोर्ड सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था के साथ जवानों की तैनाती की गई है। वही पार्किंग की भी उचित व्यवस्था की गई थी जिससे लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो।

### जनप्रतिनिधि भी पहुंचे घाट: दी बधाई

भाजपा एवं कांग्रेस के नेता भी छठ पूजा के अवसर पर छठ घाट पहुंचकर छठ पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, नपा अध्यक्ष राजू साहू, भाजपा नेता मनोज देव, महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी, पार्षद चंद्रिका गुप्ता, श्रृंगवेद सिंह देव सहित अन्य लोग छठ पूजा में शामिल हुए। छठ पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि छठ मैया से प्रार्थना करते हुए क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

# यात्री बसों में दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट नहीं देने पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

**सुकमा, 8 नवंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने यात्री बसों में दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट नहीं देने पर संबंधित बस संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आम जनता को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिले के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहनें संचालित है, जो आम जनता व यात्रियों को उनके निर्धारित गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचाने का काम करती है।कलेक्टर श्री ध्रुव ने यात्रियों से वाहन संचालकों द्वारा अवैध वसूली कर अधिक किराया दर वसूल किया जा सकता है। उन्होंने इसे ध्यान में रखते हुए अधिक किराया वसूली की शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेने एवं ऐसे यात्री वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिये है। उन्होंने कहा है कि आमजनता को दृष्टिगोचर रूप से अपने गंतव्य के लिए निर्धारित किराये दर की जानकारी हो। सभी यात्री बसों में किराया सूची चस्पा हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यात्री वाहनों की जांच करते हुए निर्धारित किराये की राशि से अधिक किराया वसूल करते पाये गये वाहन एवं बिना किराया दर सूची चस्पा किये संचालित होते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा जिन वर्गों को यात्री किराये में रियायत एवं छूट दी गई है, यदि यात्रा के दौरान वाहन संचालन द्वारा किराये में छूट नहीं दी जाती है, या किसी प्रकार का अभद्र दुर्व्यवहार या अवैध किराया दर वसूल किया जाता है तो इसकी शिकायत यदि कोई साक्ष्य या तथ्य भी हो तो जिला परिवहन अधिकारी से किया जाए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा इन्हीं संचालित निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन है, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है, एच. आई. व्ही. एड्स से पीड़ित व्यक्ति को यात्री किराये में शत् प्रतिशत की छूट दी गई है। तथा समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ÷माओवाद से प्रभावित व्यक्ति÷ का प्रमाण पत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराये में 50 प्रतिशत की रियायत छूट दिये जाने हेतु अधिसूचित गया है। यात्री बसों में किराया दर सूची न लगाने और अनियमितता पर चालानी कार्रवाई, लोगों को किया जागरूकइसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी श्री शिवभगत रावटे ने विभिन्न बसों में किराया दर सूची चस्पा न होने और अनियमितता पर कार्रवाई करते हुए छह हजार रुपए का चालान काटा। साथ ही उन्होंने बस संचालकों को किराया दर सूची चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यात्री बसों की नियमित जांच की जा रही है और लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट न देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सुकमा और कोंटा बस स्टैंड में उक्त छूट संबधी जानकारी के लिए फ्लेक्स बैनर चस्पा किया गया है।

# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर लाभार्थियों को मिली आवास की चाबियां और चेक



**सुकमा, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के 24वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सुकमा जिले में उत्सवपूर्ण माहौल में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे और अन्य जनप्रतिनिधिगण ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त के चेक और आवास पूर्ण होने पर चाबियाँ सौंपी गईं।

मुख्य कार्यक्रम में करम मुत्ता, दुर्गी, दुले, नागराजा, माड़वी नागेश सहित अन्य लाभार्थियों को पहली किस्त के चेक प्रदान किए गए, जबकि मोहन, घसिया राम, लोकेश, जितेंद्र, पतिराम, मान सिंह, लच्छन दई, नंदा मड़कामी, हिड़मे मड़कामी और देवा मड़कामी को आवास की चाबियाँ अतिथियों द्वारा दी गईं। इस दौरान हितग्राहियों के सपने पूरे होने पर उनके चेहरे पर मुस्कान दिखी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अटामी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों को बेहतर आवास उपलब्ध कराना और जीवन स्तर में सुधार करना प्राथमिकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे ने भी नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और सुकमा जिले के विकास में सभी के योगदान का आह्वान किया।इस दौरान जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## 11 नवम्बर को मुख्यमंत्री से मांगेंगे मोदी की गारंटी लागू करो



**सुकमा, 8 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने कहा कि 11 नवम्बर को मोदी की गारंटी लागू करने 146 विकासखंड में हजारो शिक्षक एल बी अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे।जिन मांगो को लेकर एल बी संवर्ग ज्ञापन सौपेंगे उसमें मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे।समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक ङ्ख/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे।शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए।ज्ञात हो शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन ÷पूर्व सेवा गणना मिशन÷ अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत -14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया।24 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना, रैली प्रदर्शन कर मांग किया गया।1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांग किया गया।1 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा।25 नवम्बर 2024 को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।ब्लॉक संयोजक शिक्षक मोर्चा-राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने कहा कि 11 नवम्बर को मोदी की गारंटी लागू करने 146 विकासखंड में हजारो शिक्षक एल बी अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे।जिन मांगो को लेकर एल बी संवर्ग ज्ञापन सौपेंगे उसमें मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे।समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक ङ्ख/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे।शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए।ज्ञात हो शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन÷ अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया।24 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना, रैली प्रदर्शन कर मांग किया गया।1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा ाना दीप जलाकर अधिकार मांग किया गया।11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा।25 नवम्बर 2024 को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

## आग पर काबू पाने और अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने दिया गया प्रशिक्षण



**बीजापुर, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महानिदेशक, नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा कलेक्टर बीजापुर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार पीएम श्री कन्या रेसीडेंसियल स्कूल बीजापुर, एवं पीएम श्री कन्या रेसीडेंसियल हाई स्कूल बीजापुर मे अग्निशमन अधिकारी एवं कर्मचारीयों के द्वारा आग से होने वाली घटनाओं एवं उन पर काबू पाने के लिए अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने के बारे मे डेमो दिया गया, आपातकालीन स्थिति में संस्था में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र का कर्मचारियों द्वारा प्रयोग कराकर प्रशिक्षित किया गया ज्ञात हो कि सभी आवासीय विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया ताकि किसी भी विपरीत परिस्थितियों में संस्था में उपस्थित कर्मचारी अथवा विद्यार्थी अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर बड़ी दुर्घटना को टाल सके। प्रशिक्षण के दौरान अग्निश्मन यंत्र के उपयोग करते समय किन किन बातों को ध्यान देना चाहिए इस बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया , जिसमे रेसीडेंसियल स्कूल के अधीक्षक श्रीमती विजय लक्ष्मी वैध एवं उनके साथ 17 शिक्षक,एवं 07 भृत्य एवं 78 बच्चे उपस्थित थे,एवं रेसीडेंसियल हाई स्कूल के 04 शिक्षक एवं भृत्य 05,एवं 22 बच्चे उपस्थित थे,एवं अग्निश्मन कार्यलय से फायर मेन नरेन्द्र जब्बा, विकास रंगू, लक्ष्मी प्रसाद पटले, एवं सैनिक मंगल रोटेल,अनिल तेलम ,जीबीआर लकड़ा,फिरोज मिंज ,दायनाथ साहनी,आनंद सोढ़ी,धनंजय जंगटी,जोगेश संड्रा उपस्थित थे।

## नक्सलियों का घिनौना चेहरा पहचाने, बस्तर बचाओ आंदोलन की है जरूरत :फारूख अली

**बीजापुर, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज सेवी एवं नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सलियों के ख़िलाफ़ एक बार फिर मोर्चा खोला,फ़ारूख ने कहा नक्सली जनता के दुश्मन है,इस बात को जनता को समझना होगा और नक्सलवाद के विरोध मे एक स्वर होकर आगे आना होगा।फ़ारूख अली ने इस साल नक्सली हिंसा मे मारे गये आम लोगों और जवानों के बारे मे बताया के नक्सलियों द्वारा जो हत्याएँ हुई है ।इस वर्ष पुलिस रिकॉर्ड के हिसाब से जनवरी 1 तारीख़ से अब तक बीजापुर ज़िला मे नक्सली द्वारा विस्फोट मे 20,पुलिस नक्सली मुठभेड़ मे 5 जवान शहीद,नक्सलियों द्वारा मुखबिरी का आरोप लगाकर निर्दोष 22 ग्रामीणों को मारा,सुकमा ज़िला मे विस्फोट मे 5,मुठभेड़ों मे 6 जवान शहीद,नक्सली हिंसा मे निर्दोष ग्रामीण 14 लोग मारे गये,दंतेवाड़ा ज़िला नक्सलियों द्वारा लगाये विस्फोट मे 6,मुठभेड़ मे 2 जवान शहीद,नक्सलियों द्वारा एक ग्रामीण को मौत के घाट उतारा,नारायणपुर ज़िला नक्सलियों द्वारा विस्फोट मे 4,मुठभेड़ मे 1 जवान शहीद एवं नक्सलियों द्वारा 15 ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा,कांकेर ज़िला नक्सली विस्फोट में 3,मुठभेड़ मे एक जवान शहीद एवं नक्सलियों द्वारा एक ग्रामीण को मौत के घाट उतारा।कोंडागाँव मे एक निर्दोष ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया।बस्तर संभाग मे इस वर्ष अब तक आम निर्दोष ग्रामीण,जनप्रतिनिधि,एवं जवान कुल 107 लोगों की हत्या नक्सलियों ने किया वहीं कई मवेशियों के साथ मासूम जानवरों को आईईडी मे उड़ा दिया।कई जवान एवं निर्दोष ग्रामीण नक्सली विस्फोट एवं हमले में घायल हुए,नक्सलियों ने कई खेत उजाड़ दिया,आदिवासियों को बेघर कर दिया एवं जल जंगल ज़मीन छीन लिया।

# निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 8 नवंबर ।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जिले के अंतिम छोर पर स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर एवं



अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं से हुच्चेटोला के ग्रामीणों को लाभान्वित कर वहाँ निवासरत प्रत्येक परिवारों के आय को दुगुना करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा एवं श्री डीआर ठाकुर एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के द्वारा ग्राम हुच्चेटोला में ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए चयनित हितग्राहियों को मुर्गीपालन हेतु शीघ्र चुजे प्रदान कराने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने कौशल विकास योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा हुच्चेटोला के चयनित हितग्राहियों को सिलाई-कढ़ाई एवं मशरूम उत्पादन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कराने को कहा। कलेक्टर ने ग्राम हुच्चेटोला में पेयजल निस्तारी हेतु पानी की समुचित उपलब्धता की जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से गांव में हैण्ड पंप की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के द्वारा विभिन्न विभागों के द्वारा ग्राम हुच्चेटोला में ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे कार्यो के संबंध में प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। श्री चन्द्रवाल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा करते हुए जिला परिवहन अधिकारी को इसके लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए उन्होंने जन जागरूकता अभियान चलाने तथा नियमित रूप से शिविर आदि लगाकर आम जनता को सड़क सुरक्षा के उपायों की जानकारी देने को कहा।

बैठक श्री चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से दल्लीराजहरा में 100 बिस्तर वाले अस्पताल के सुचारू संचालन के उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को जरूरी उपाय करने को कहा। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने 14 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला खाद्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। श्री चन्द्रवाल ने जिले में अगले सप्ताह से प्रारंभ हो रहे महिला खेल के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की।

## एक नजर

### विधायक रोहित साहू दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के चलते प्रवास पर रहेंगे

**छुरा 8 नवंबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में प्रचार अभियान के चलते राजिम



विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। राजिम विधायक रोहित साहू 07 नवंबर से 13 नवंबर तक रायपुर दक्षिण विधानसभा के अपने प्रभार मंडल संतोषी नगर, पुरानी बस्ती और मठपुरैना में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभालेंगे। इस दौरान विधायक रोहित साहू रायपुर प्रवास पर रहेंगे एवं अपने राजिम स्थित निवास कार्यालय में प्रतिदिन लगने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रहेंगे। उक्त जानकारी विधायक के निज सहायक किशोर साहू ने दी है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं



**बालोद, 8 नवंबर।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार 05 सितम्बर को संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बरबसपुर निवासी श्रीमती नामिन, उषा साहू, अन्नपूर्णा साहू, ओम कुमारी, रोशनी सहित स्वसहायता समुह के महिलाओं के अलावा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम देवगहन के श्री लोकेन्द्र साहू सहित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों ने अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में अपना आवेदन प्रस्तुत किया। श्री चन्द्रवाल ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर मांगों एवं समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस 14-15 नवंबर को

**रायपुर,8 नवंबर।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन किया जाएगा। विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्तों को सभी आवश्यक तैयारी करने निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में इस वर्ष जनजातीय गौरव दिवस को प्रदेश में व्यापक रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था, तभी से प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस के व्यापक आयोजन के संबंध में प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम आयोजन की आवश्यक तैयारियों के संबध में निर्देशित किया गया है। श्री बोरा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में होगा। कार्यक्रम आदिम जाति विकास विभाग एवं आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य निर्देशन में किया जायेगा। श्री बोरा ने बताया कि कार्यक्रम का थीम ''सामाजिक, आर्थिक विकास, आजीविका एवं उद्यमिता, कला-संस्कृति एवं धरोहर, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं जीवन शैली'' है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों के हितों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। इसमें राज्य के 17 विभाग और 25 योजनाओं को शामिल किया गया है। इस आयोजन में राज्य स्तर पर संचालन समिति के लिए प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है एवं क्रियान्वयन समिति मुख्यालय स्तर पर आयुक्त, आदिम जाति विकास की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है।

## अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांण्डागांव 8 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा निर्देष प्राप्त हुआ है कि शहर में हो रहे अन्तराज्यीय शराब तस्करों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही किया जाय जिस संबंध में थाना कोण्डागांव सायबर टीम के द्वारा लगातार नजर बनाये हुए थे, इसी तारतम्य में दिनांक 07.11.2024 को अन्तराज्यीय शराब तस्करी की मुखबीर के माध्यम से सूचना मिला कि एक सफेद कलर का स्कूटी में एक व्यक्ति पायलेटिंग करते हुए काले कलर रेनाल्ट किंजर कार व काले कलर का ठाःस्छ्व् कार के आगे आगे चल रहा है जिसमें अवैध शराब रखकर रायपुर से जगदलपुर की ओर से आ रहा है, जिस पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के0डी0 पटेल के मार्गदर्षन



एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव के पर्यवेक्षण एवं उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल श्री सतीष भार्गव के नेतृत्व में थाना कोण्डागांव एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल संदिग्ध वाहन की धरपकड हेतु नारायणपुर तिराहा मेन रोड में नाकाबंदी किया। संदिग्ध कार व स्कूटी को रोककर पूछताछ करने पर उनके द्वारा शराब तस्करी करना पाया गया।

वाहनों की तलाषी के दौरान बोलेनो कार में 26 पेटी कार्टून में शराब रखा हुआ तथा त्म्छान्स्ज् ज्ञप्ळम्त् कार में 26 पेटी अग्रेजी शराब बरामद हुआ हुआ तथा स्कूटी की डिक्की से 01 लाख रूपये नगद जप्त किया गया। उक्त शराब के संबंध में आरोपीगण से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि शराब को बिक्री हेतु रायपुर से जगदलपुर ले जा रहे थे। जिसे कोण्डागांव पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से जुमला 1527500 की सम्पत्ति व 06 नग विभिन्न कम्पनियां के मोबाईल फोन विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोण्डागांव में 34(2) आब0एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोण्डागांव निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेष पटेल, रामकृष्ण जैन, प्रआर अषोक मरकाम सायबर सेल से उनि अमिताभ खाण्डेकर, संजय वट्टी, सउनि0 दिनेष डहरिया प्रआर अजय बघेल, राजेष मनहर, रीतुराज, चंदन यादव, अजय देवांगन, बिरझूराम सोरी, संतोष कोडोपी का सराहनीय योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### नशा के विरुद्ध गरियाबंद पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी



**छुरा 8 नवंबर।** छुरा क्षेत्र अंतर्गत अवैध गांजा, हीरा,वन प्राणी, शराब के तस्करी एवं बिक्री करने वालों के साथ-साथ समाजिक बुराई जुआ,सट्टा में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में असूचना संकलन एवं पेट्रोलियम के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों के ऊपर निगरानी रखी जा रही थी।थाना प्रभारी छुरा उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम को मुखबिर से सूचना आया कि दो व्यक्ति पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक छ्त्त04 क्क्त5829 में एक काला और नीले रंग के बैग में अवैध रूप से गांजा परिवहन एवं बिक्री हेतु ले जा रहे हैं कि सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना पुलिस टीम के साथ घटना स्थल ग्राम लोहझर मार्ग खैरझिटी तिराहा के पास मुखबिर के बताए गए हुलिया के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोक कर तलाशी लिया गया। जिसके कब्जे से 18 किलो 840 ग्राम गांजा कीमती 1,88,400 रूपए को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस का पाए जाने से समक्ष उपस्थित गवाहन के विधिवात गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, सहायक उप निरीक्षक संतराम यादव , प्रधान आरक्षक धनुष निषाद, डुकेश साहू, कृष्ण कुमार गिलहरे, आरक्षक रिजवान कुरैशी, डिगेश्वर साहू,, ओमप्रकाश भारती, यशवंत त्रिवेंद्र, अखिलेश वैष्णव, अरविंद जटवार व टिकेश्वर यादव की विशेष भूमिका रही।

## अगले दो महीनों में देश के तीन बड़े शहरों के लिए शुरू होगी फ्लाइट

**रायपुर, 8 नवम्बर ।** अगले दो महीनों में ही रायपुर से पटना, जयपुर और सूरत की फ्लाइट शुरू होना तय हो गया है। विमानन कंपनी के अधिकारियों ने इन रूटों के लिए सर्वे का काम भी पूरा कर लिया है।

अधिकारियों का कहना है कि अब फ्लाइटों की टाइमिंग तय की जा रही है। दिसंबर आखिरी में जनवरी पहले सप्ताह में इन शहरों के लिए रायपुर से फ्लाइट शुरू हो सकती है। वहीं दूसरी ओर 12 नवंबर से विस्तार एयरलाइंस की फ्लाइट बंद होकर एयर इंडिया इंडिया हो जाएगी। इस प्रकार विस्तारा एयरलाइंस 11 नवंबर को अपनी आखिरी उड़ान भरेगी।

काफी समय से रायपुर से जयपुर व पटना के लिए फ्लाइट शुरू करने की मांग की जा रही है। व्यास हालीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि उन्होंने विमानन कंपनी को इन शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने पत्र भी लिखा था। हवाई यात्रियों के द्वारा भी लगातार इन शहरों के लिए फ्लाइट की मांग बनी हुई है।

स्वामी विवेकानंद विमानतल में यात्रियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए आने वाले दिनों में यहां चौथा एयरोब्रिज भी शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए प्रस्ताव भी बना लिया गया है। वर्तमान में विमानतल में तीन एयरोब्रिज है। यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण अब विमानतल में रिटेल स्टोर भी शुरू किए गए है। इस वर्ष जनवरी से लेकर अक्टूबर तक 10 महीनों में रायपुर विमानतल से 20 लाख से ज्यादा यात्रियों की आवाजाही हुई है। इसके साथ ही यहां से विदेश जाने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है और हर वर्ष रायपुर विमानतल से करीब 3.50 लाख यात्री विदेश जाते है।

## बेमेतरा जिले में अधिकारियों ने किया गिरदावरी सत्यापन का कार्य

**बेमेतरा 8 नवंबर।** खरीफ फसल 2024-25 में किसानों द्वारा लगाए धान फसल की वास्तविक गिरदावरी संबंधित पटवारियों के माध्यम से किया। अब छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में अधिकारियों द्वारा गिरदावरी सत्यापन का कार्य सक्रियता से किया जा रहा है। गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी सत्यापन किया जा रहा है। पटवारियों द्वारा संपादित वास्तविक गिरदावरी कार्यो को शत-प्रतिशत शुद्ध करने के लिए गिरदावरी का सत्यापन के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे। फसल गिरदावरी व फसल सत्यापन का कार्य जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्य के लिए पहले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया था । इस कार्य में जिले के डिप्टी कलेक्टर से लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सर्वश्री घनश्याम तंवर, मुकेश गोड़, सुश्री पिंकी मनहर, और जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आज गिरदावरी सत्यापन किया । गिरदावरी सत्यापन की इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फसल की स्थिति का वास्तविक आकलन करना है।

## भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है भाई दूज: रूपसिंग साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 8 नवंबर।** गत बुधवार को छुरा प्रखंड के टेंगनाबासा ग्राम में मातर महोत्सव के अंतर्गत भाई दूज स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा भाजपा नेता रूप सिंग साहू रहे। ग्राम सरपंच राजकुमारी ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सुजल कोठारी, जनपद सदस्य नीलकण्ठ सिह ठाकुर,उपसरपंच मोहेन्द्र सिन्हा, सेंडर पूर्व सरपंच रामाधार साहू, सडकरा पूर्व सरपंच मनोज यदु, देवरी सरपंच अशोक ठाकुर, ग्राम पटेल बुढ़ान सिह ठाकुर, हरीराम सिन्हा, गोसाई राम सिन्हा ,तेजस्वी यादव,नानक राम साहू,भानुप्रताप साहू बतौर विशेष अतिथि मंचस्थ रहे। ग्राम सरपंच राजकुमारी ध्रुव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए भाई दूज का रस्म अदा की एवं अतिथियों के कलाइयों पर स्नेह की डोर रक्षा सूत्र



बांध,तिलक लगाई व मुख मीठा कराई । मुख्य अतिथि साहू ने बहनों को उपहार दिए,वही ग्रामवासियों के मांग पर मुख्य सड़क मार्ग से शीतला मंदिर तक 1 किमी सड़क निर्माण हेतु मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 10 लाख एवं सांस्कृतिक निर्माण के लिये मध्य विकास प्राधिकरण से 5 लाख की स्वीकृति की घोषणा की। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि मातर महोत्सव हमारे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत है।जो अपनी विविध परम्पराओ को अपने मे समाये हुए है,यह सामाजिक सौहार्द्रता भाई चारे के अनुपम उदाहरण है। मातर महोत्सव के बिना पंच महापर्व अधूरा है।इस पर्व को यम द्वितीया भी कहते है ,जो भाई और बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करते है,भाई व बहने एक दूसरे की खुशहाली की कामना करती है।उन्होंने मातर महोत्सव का शुभारंभ करते हुए ग्राम तथा क्षेत्रवासियों को पंच महापर्व की बधाई दिए।सरपंच राजकुमारी ध्रुव ,आयोजक समिति ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए शाल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किए। तत्पश्चात प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित रिखी क्षत्रिय कृत लोक रागिनी कार्यक्रम का आयोजन नवयुवक,बाल समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा कराया गया।जिसकी मधुरगीत एवं लयबद्ध संगीत ने सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में ग्राम व क्षेत्रवासी की भीड़ बनी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईसाई राम ध्रुव,हरिराम,रूखमणी सिन्हा, गंगाराम ध्रुव, चमन लाल,यादराम सिन्हा, अवधराम ,सीताराम सिन्हा, रामेश्वरी, तेजेश्वर, उमेश्वर,ह्यूमन किशन, अजय,चेतन, नरोत्तम, राकेश, टीकम,भुनेश्वर,समारू यादव, पूरण ,परमेश्वर, प्रशांत ठाकुर, केशु, देव्रत, लक्ष्मीनाथ, राजेंद्र, कुलदीप सिन्हा, रेवा, टिकेश्वर,कुंती,टिकेश्वरी,गनेसिया कमलेश सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

### रबी मौसम में 19.25 लाख हेक्टेयर रकबे में बोनी का लक्ष्य

**रायपुर 8 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर रबि फसलों को बढावा देने के लिए इस वर्ष 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबि फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबि फसलों की बोनी हो चुकी हैं, वहीं 0.14 लाख क्विंटल बीज और 0.35 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2024-25 में रबि फसलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष विभिन्न रबि फसलों की बोनी के लिए 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबि फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबि फसलों की बोनी हो चुकी हैं, जो लक्ष्य का 11 प्रतिशत है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202411092 10007
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजा कन्नौजिया आ. श्याम कन्नौजिया निवासी वार्ड नंबर 14, बुधवारी पारा, डोंगरगढ़, तहसील- डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा ग्राम भर्रीटोला, प.ह.नं. 26 स्थित भूमि खसरा नंबर 53/14 का रकबा 0.06 एकड़ 0.024 हे. को पंजीबद्ध बयनामा द्वारा क्रय किया गया है। पटवारी अभिलेख में खसरा नंबर 53/14 रकबा 0.06 एकड़ 0.024 हे. आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि वर्तमान में रिक्त है उस पर किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नही किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि खसरा नंबर 53/14 रकबा 0.024 हे. भूमि को निवास प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 25/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/ 11 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) डोंगरगढ़



**फार्मेट सी-1**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता: आकाश शर्मा,** मकान नंबर 115, वी. एल. एम. स्कूल के पास, ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ 492013

**राजनैतिक दल का नाम:** इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन का नाम-

विधान सभा-

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम- 51 - रायपुर नगर दक्षिण**

मैं आकाश शर्मा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं **(क) लंबित आपराधिक मामले- क्र.सं. (1) न्यायालय का नाम-** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, **मामले की सं. एवं तारीख-** 22283/2013, **मामले (मामलों) की स्थिति-** लंबित, **संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण-** धारा 353, 186, 188, 332, 147, 148 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

2. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 20471/2015, लंबित, धारा 147, 149, 427 भारतीय दण्ड विधान, धारा 03 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

3. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 4884/2018, लंबित, धारा 147, 353, 186, 332, 427 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

4. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, - 2794/2018, लंबित, धारा 147, 321, 294 भारतीय दण्ड विधान एवं बल्वा, स्वेच्छया उपहति करने का आरोप।


### अब पालिकाध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता के द्वारा

# छुरा नगर पंचायत चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 8 नवंबर।** संभावित पालिका चुनाव को लेकर अंदरूनी तौर पर हलचल तेज हो गई है। राज्य शासन द्वारा इस बार नगर पंचायत व पालिकाध्यक्ष एवं महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किये जाने की अधिसूचना जारी कर दिये जाने के बाद राजनीतिक सरगर्मी में तेजी आ गई है। छुरा नगर पंचायत का दर्जा सन् 2008 में दिया गया है, उसके चुनाव को लेकर संभावित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी व तमाम 15 वार्डों के पार्षद पद के दावेदार बेसब्री से अब लॉटरी का इंतजार कर रहे हैं जिसमें अध्यक्ष पद कौन से वर्ग से होगा, इस बात को लेकर उत्सुकता से लोग प्रतीक्षा कर रहे हैं।अध्यक्ष पद में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग या अन्य कोई वर्ग का आरक्षण हो सकता है। मौजूदा समय में छुरा नगर पंचायत की अध्यक्ष की कुर्सी पर पिछड़ा वर्ग पुरुष कोटे से पार्षदों द्वारा निर्वाचित खोमन चन्द्राकर अध्यक्ष पद पर




काबिज हैं। अध्यक्ष पद के चक्रवार आरक्षण को मद्देनजर रखते हुये यह तो निश्चित है कि इस बार पिछड़ा वर्ग कोटे को छोड़कर अध्यक्ष पद किसी भी वर्ग से हो सकता है।अध्यक्ष पद के लॉटरी को लेकर उत्सुकता का माहौल बना हुआ है।लॉटरी निकल जाने के बाद ही राजनीति की दिशा और दशा तय होगी।इसी प्रकार नगर के 15 वार्डों में कौन सा वार्ड,किस वर्ग के खाते में जायेगा,इसको लेकर भी लोग प्रतीक्षा में बैठेहैं। वार्ड पार्षद के अनेक दावेदार अपने वार्ड के अलावा अन्य वार्डों को भी विकल्प के रूप में देखते हुये राजनीतिक गुणा-भाग में लगे हुये हैं। कांग्रेस व भाजपा इस बार के चुनाव में पुराने नेताओं व नये चहरे को चुनावी मैदान में उतारने का मंथन चल रहा है और ज्यादातर पुराने नेताओं का पत्ता भी कट सकता है क्योंकि आम जनता के बीच वही-वही चेहरे आने से आम जनता भी उकता गई है व परिवर्तन के मूड में है।अनेक नेता तो अपनी पारिवारिक सदस्य के लिये राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं वहीं कई नेता दूसरे वार्डों में जाकर अपने भाग्य आजमाने की सोच रहे हैं।अब नगर पंचायत एवं पालिकाध्यक्ष का चुनाव जनता करेगी जिसके तहत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने वाले लोगों को विश्वास व अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षदों से मुक्ति मिल सकेगी। वहीं चुनाव के दौरान आम मतदाताओं को अब दो प्रकार के वोट डालने होंगे जिसमें एक मत पत्र में अध्यक्ष पद के दावेदार के लिये मतदान डाले जायेंगे वहीं दूसरे मत पत्र में वार्ड पार्षद के लिये मतदान मतदाता कर सकेंगे। फिलहाल अध्यक्ष पद की कुर्सी एवं वार्ड पार्षद के लॉटरी का जहां बेसब्री से इंतजार लोग कर रहे हैं वहीं चुनाव तिथि की भी घोषणा का इंतजार लोगों को है।शासन की मंशा है कि नगरीय निकाय व पंचायत के चुनाव एक समय पर एक साथ कराया जाये,उस लिहाज से संभव है कि नगरीय निकाय चुनाव की तिथि कुछ महीनों के लिये आगे बढ़ सकती है।

## एक नजर

### आटा एवं मैदा खरीदकर 74 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 8 नवम्बर** । महामाया फुड्स एंड ग्रेस प्राइवेट लिमिटेड पाम रेसीडेंसी लाखों रुपए का आटा एवं मैदा लेकर रकम का भुगतान नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम गोयल 29 वर्ष तेलघानी नाका चौक गंज का रहने वाला है। प्रार्थी का पाम रेसीडेंसी में महामाया फुड्स एंड ग्रेस प्राइवेट लिमिटेड नाम से गोदाम है। जहां आरोपी जुगल किशोर अपनी पत्नी कोमल के साथ मिलकर 74 लाख 89 हजार 966 रुपए का आटा एवं मैदा मंगवाया और रकम का भुगतान ना कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कोल ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े 17 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 8 नवम्बर** । कोल ट्रेडिंग के नाम पर 17 लाख 53 हजार से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बृजेश कुमार सिंह 60 वर्ष सेक्टर 3 एलआईजी 29 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संजय पांडेय, संध्या पांडेय और शशांक पांडेय ने प्रार्थी को कोल ट्रेडिंग करने के नाम पर नगद 2 लाख 63 हजार रुपए और ऑनलाइन बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से 14 लाख 90 हजार 200 रुपए, इस तरह कुल 17,53,200 रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 8 नवम्बर** । देवांगन कॉम्पलेक्स गली विकास नगर गुढ़ियारी में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेश सारथीर 41 वर्ष बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनपी 9304 को देवांगन कॉम्पलेक्स गली विकास नगर गुढ़ियारी में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 9 गिरफ्तार

**रायपुर, 8 नवम्बर** । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने पटवा कॉम्पलेक्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनोज विश्वकर्मा 49 वर्ष, बृजेश पाठक 34 वर्ष व प्रदीप त्रिपाठी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी खजान सिंह राजपुत 43 वर्ष, दीपक देवांगन 40 वर्ष व अमर दास टंडन 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी हेमंत वर्मा 35 वर्ष एवं माना कैंप पुलिस ने आरोपी पन्ना लाल 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अफीम के साथ 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 8 नवम्बर** । टिकरापारा पुलिस ने आरडीए कार्यालय कौशल्य माता विहार सेक्टर 5 में दबिश देकर अफीम के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो 904 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरडीए कार्यालय कौशल्य माता विहार सेक्टर 5 में दबिश देकर आरोपी मोहम्मद जसीद मीर 41 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बैग में रखे 3 किलो 904 ग्राम अफीम जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 22 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कानूनी दस्तावेजों के प्रबंधन के लिए एआई समाधान

**रायपुर 8 नवंबर।** विधिक टेक्नोलॉजी और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एल.एल.एम.) में सबसे आगे, Lexlegis.ai ने परिवर्तनकारी सुविधा, इंटरैक्ट के पेशकश की घोषणा कर दी है, जिसे कानूनी व्यावसायियों द्वारा दस्तावेज़ की कार्य-प्रणाली का प्रबंधन, विश्लेषण और उन्हें अनुकूलित करने के तरीके को बदलने के लिए तैयार किया गया है। एक शक्तिशाली लीगल सर्च टूल के रूप में Lexlegis.ai की प्रतिष्ठा पर आधारित, इंटरैक्ट कानूनी प्रक्रियाओं को और भी अधिक सुचारु, तेज़ और अधिक कुशल बनाने के लिए ए.आई.-आधारित क्षमताओं को एकीकृत करते हुए इस प्लैटफ़ॉर्म के विकास को केस प्रबंधन के एक संपूर्ण समाधान के रूप में प्रदर्शित करता है। दस्तावेज़ों की तुलना, विश्लेषण और अंतर्दृष्टि के प्राप्तिकरण के लिए कुशल उपकरणों के साथ कानूनी व्यावसायियों को सशक्त बनाने की इसकी क्षमता इंटरैक्ट का मुख्य आधार है।

# राजधानी के किराया भंडार के गोदाम में भीषण आग

## दमकल की 15 गाड़ियों ने 7 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**रायपुर 8 नवंबर।** राजधानी रायपुर के फाफाडीह स्थित गली नंबर 01 में स्थित चांडक कॉम्प्लेक्स के आधुनिक किराया भंडार के गोदाम में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई. आगजनी इतनी भयानक थी, कि आग पर काबू पाने के लिए नगर निगम और निजी दमकल विभाग के 15 दमकल वाहनों को 7 घंटे से अधिक समय लगे. दमकल वाहनों ने करीब 50 से ज्यादा फेरे लगाए जिसके बाद जाकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका. यह पूरी घटना रायपुर के देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है, जहां देर रात तक दमकल कर्मियों द्वारा आग बुझाने का काम चलता रहा. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आग लगने के कारण का पता लगाने में जुटी हुई है.

### दमकल कर्मियों को बिल्डिंग में करना पड़ा संघर्ष

आग की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन सकरी गलियों और वाहनों की अराजक पार्किंग के कारण वाहनों को अंदर ले जाने में काफी कठिनाई हुई. हालांकि, तीन दमकल वाहनों को इलाके को ठंडा करने के लिए तैनात किया गया था, ताकि आग और न फैल सके. राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है.

### कबाड़ का सामान जलकर खाक

गोदाम में रखे पुराने कबाड़ के सामान में आग लगने के कारण काफी नुकसान हुआ. आग ने गोदाम के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया और सभी सामान जलकर राख हो गए.

### रिहायशी इलाके में आगजनी पर सवाल खड़े

यह घटना एक रिहायशी इलाके में स्थित कमर्शियल गोदाम में हुई, जिससे शहर के सिस्टम पर कई सवाल खड़े हो गए हैं. ऐसे इलाके में इस तरह की आगजनी ने सुरक्षा और नगर नियोजन पर गंभीर चिंताएं उत्पन्न की हैं. आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है, और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ब्राह्मण समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह




**रायपुर 8 नवंबर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा दीपावली मिलन समारोह छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे की मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रविंद्र चौबे ने कहा कि दीपावली किसानों का त्यौहार है और लगभग सभी ब्राह्मण किसान परिवार से हैं। यहां की धरती ,मिट्टी से जुड़े हम लोग अगर छत्तीसगढ़िया नहीं तो और कौन हो सकता है। आज ब्राह्मण समाज को अपने अस्तित्व के रक्षा के लिए और शोषण की लड़ाई के लिए एक होना आवश्यक हैं।

इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह में कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सामाजिक चुनौतियां का सामना करने के लिए ब्राह्मण समाज की एकता को आवश्यक बताया।

दीपावली मिलन समारोह में अरुण शुक्ला, प्रदीप शर्मा,मृत्युंजय दुबे, कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी , पूर्व महापौर एवं वर्तमान में रायपुर नगर निगम पालिक के सभापति प्रमोद दुबे , योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने भी संबोधित किया। अविनाश शुक्ला ने भी सबके प्रति आभार प्रकट किया। अंत में आभार प्रदर्शन विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने किया । दीपावली मिलन समारोह का सफल संचालन डॉ. मेघेश तिवारी ने किया।इस अवसर पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी सहित विभिन्न ब्राह्मण सामाजिक संगठन के पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या युवा, व महिलाऐं उपस्थित थी।

## नौ कन्याओं की कराई जाएगी शादी

**रायपुर 8 नवंबर।** सामाजिक संस्था सेवा 5 पथ माता स्वरूपी 9 कन्याओं का 10 नंवबर को पांचवी बार ऐतिहासिक निःशुल्क कन्यादान आयोजन किया जाएगा। सामाजिक संस्था सेवा 5 पथ द्वारा पिछले 4 वर्षों से माँ दुर्गा जी के पवित्र नौ स्वरूपी 36 कन्याओं का मर्यादा पूर्वक कन्यादान करा चुकी है।संस्था के प्रमुख पहलाज खेमानी व संजय लालवानी ने बताया कि संस्था के उद्देश्यों के अनुसार सभी शहरों को इस सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए अब तक महाराष्ट्र, राजस्थान, उड़ीसा व मध्यप्रदेश के वर वधुओं ने इस आयोजन में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन का शुभारंभ किया है। इस वर्ष भी महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के परिवार कन्यादान आयोजन का लाभ ले रहे है। संस्था के राजकुमार पंजवानी, राजा बजाज व दीपक केवलानी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस आयोजन में कोई कैश काउंटर नहीं रखा गया है यानी कि किसी से दान की मांग नहीं की जाएगी जिन्हें कोई उपहार देना हो वे स्वयं आकर वर वधु को रिसेप्शन में दे सकते है...

संस्था की श्रीमती सुलोचना नारायणी, श्रीमती मीना सरिता चंदानी ने जानकारी दी कि इस कन्यादान आयोजन से समाज में हो आडंबर व बहुत ही खर्चीले विवाह करने वाले परिवारों को कम खर्च में भी आदर्श व्यवस्थित विवाह करने की प्रेरणा मिली है साथ ही इसमे सक्षम माता पिता भी शामिल होकर अपनी बिटिया का विवाह कर सकता है जिससे समाज को अमीर गरीब का फर्क ही महसूस न हो पायेगा।

# सुनील सोनी के पक्ष में सांसद अग्रवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रायपुर 8 नवम्बर** । 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती इसी क्रम में गुरुवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पुरानी बस्ती क्षेत्र उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने लाखे नगर क्षेत्र में , राजेश मुराद जी ने मोरेश्वर राव गदरे वार्ड के साथ अजय चंद्राकर जी मोतीलाल साहू जी पुरंदर मिश्रा जी मैं सुनील सोनी जी के समर्थन में रायपुर दक्षिण के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क किया।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा उम्मीदवार श्री सुनील सोनी के पक्ष में मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड और शहीद चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया।

आज के रोड शो की शुरुवात संतोषी नगर चौक से हुई जहां हजारों की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और



स्थानीय लोगों ने बृजमोहन अग्रवाल और सुनील सोनी का जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद गाजे बाजे के बाद रोड शो की शुरुवात हुई और चक्रधारी मोहल्ला-नहरपार पर समापन हुआ। यहां बृजमोहन अग्रवाल ने उप चुनाव कार्यालय उद्घाटन भी किया। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ का निर्माण भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई के अथक प्रयासों का नतीजा है।

भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को देश के तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल करने का गौरव दिलाया है। विकास को अपना मूल मंत्र मानते हुए काम करती है। सुनील सोनी जी ने महापौर और सांसद रहते हुए रायपुर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। क्षेत्र की सम्मानित जनता से अनुरोध है कि, आप लोग इस बार सुनील सोनी जी को विधानसभा में रायपुर दक्षिण का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दें। वो राज्य सरकार से और मैं दिल्ली के माध्यम से क्षेत्र को नंबर वन बनाने का काम करेंगे। आप सभी से जैसे मुझे आशीर्वाद दिया वैसे इस बार सुनील सोनी को समर्थन देकर विजयी बनाएं।

आज का जनसंपर्क अभियान दुर्गा पारा-दुर्गा मंदिर-पिंजा यादव के घर से होकर बबला निवास-राबादुकान, साई मंदिर- शुक्ला निवास-प्रगति विहार मंदिर चौक, शीतला मंदिर मेन रोड-कैलाशपति मंदिर गार्डन रोड-श्रीराम मैदान (उत्कल मैदान)- शिवनगर उत्कल चौक, सतनाम भवन मैदान, श्रद्धानंद स्कूल पहुंचा। जिसके बाद रोड शो शहीद चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में भैरव नगर मेन रोड, भैरव बाबा मंदिर चौक-चौरसिया कॉलोनी सिमरन सिटी चौक सहाड़ा देव चौक, शीतला मंदिर चौक, साहू कॉम्पलेक्स, नहर चौक चक्रधारी मोहल्ला-नहरपार पर समापन हुआ।

# रायपुर में अब शुष्क हवाओं का आगमन शुरू, प्रदेश में धीरे-धीरे बढ़ रही ठंड

**रायपुर, 8 नवम्बर** । छत्तीसगढ़ में अब शुष्क हवाएं आना शुरू हो गई हैं। जिसके चलते प्रदेश में धीरे-धीरे ठंड बढ़ती जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, राज्य में मौसम शुष्क रहेगा और अगले पांच दिनों तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है.

वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जबकि बाकी क्षेत्र में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है.

साथ ही, राजधानी में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है. इस बीच, राज्य में बुधवार को मौसम शुष्क रहा और दुर्ग में राज्य का सबसे अधिक तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों से तुलना करने पर हर जगह अधिकतम तापमान सामान्य औसत से अधिक है। अंबिकापुर में यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक, दुर्ग में 1.9 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रा रोड में 1.5 डिग्री सेल्सियस, रायपुर और जगदलपुर में 1.6 डिग्री सेल्सियस है. वहीं, बिलासपुर में यह सामान्य औसत से 0.3 डिग्री सेल्सियस कम है।

राजधानी में सुबह और रात को हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। सुबह आउटर में ज्यादा ठंड महसूस हो रही है। आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा और उत्तर से ठंडी हवाएं आएंगी। इससे ठंड बढ़ेगी। शुष्क हवाओं के कारण भी तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। पिछले पांच दिनों के दौरान दिन और रात का तापमान 3 डिग्री तक गिरा है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिकार्ड का परीक्षण करने से पता चला है कि पिछले रविवार तक दिन और रात का तापमान सामान्य से लगभग 4-4 डिग्री तक बढ़ा था।

अब ये 1 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। गुरुवार को दिन का तापमान 32.2 डिग्री रिकार्ड किया है। रात का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। इस सीजन में पहली बार रात का तापमान इतना कम हुआ है। राज्य के अन्य इलाकों में भी तापमान कम हो रहा है। कुछ इलाकों में तो तापमान सामान्य से भी नीचे चला गया है। दुर्ग में अभी दिन और रात के तापमान में अच्छी कमी आई है। दिन का तापमान 31 और रात का 17 डिग्री तक पहुंच गया है।

## ज्ञान की आराधना से सौभाग्य, लाभ और सुख की प्राप्ति होती है : मुनि सुधाकर

**रायपुर, 8 नवम्बर ।** श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर रायपुर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर व मुनिश्री नरेश कुमार के सान्निध्य में आज 'ज्ञान पंचमी' पर विशेष कार्यशाला व अनुष्ठान का आयोजन किया गया. मुनिश्री सुधाकर ने पंचमी तिथि में ज्ञान पंचमी तिथि के विशेष महत्व पर उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित किया.

मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि जैन दर्शन अनुसार आठ कर्मों में पहला कर्म है ज्ञानावर्णीय कर्म. ज्ञानावर्णीय कर्म को क्षय करने का माध्यम स्वाध्याय है. ज्ञान के बिना जीवन अंधकारमय है. ज्ञान प्रकाशकर है, जिससे मोक्ष का वरण हो सकता है. ज्ञान लाभ और सौभाग्य की जननी है. ज्ञानी व्यक्ति अपने ज्ञान कौशल से लाभ व सौभाग्य को प्राप्त कर सकता है. मुनिश्री ने आगे कहा कि आज विशेष योग ज्ञान पंचमी पर बन रहा है. आज बुध्दि का दिन बुधवार भी है. मुनिश्री ने बताया कि ज्ञानावर्णीय कर्म बंधन के छः कारण है - ज्ञान का दान नहीं करना, ज्ञान और ज्ञानी की असाधना करना, ज्ञान प्राप्ति पर व्यवधान उत्पन्न करना, ज्ञान और ज्ञानी को रोकना, ज्ञान और ज्ञानी के प्रति विद्वेष की भावना करना, ज्ञान और ज्ञानी में दोष खोजना. मुनिश्री ने कहा कि ज्ञान होने पर ज्ञान का अभिमान नहीं करना चाहिए बल्कि यह चिंतन करना चाहिए कि देव गुरु धर्म के प्रताप व शुभ कर्मों के योग से मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है. ज्ञान तो बांटने की वस्तु है, जितना बांटेंगे उतनी अभिवृद्धि होगी. मुनिश्री सुधाकर ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को ज्ञान पंचमी पर पांच विशिष्ट मंत्रों का उच्चारण कराते हुए अनुष्ठान करवाया, जिससे बुध्दि का विकास व अर्जन हो सके।

# ईडी की कार्रवाई का कैट ने किया स्वागत

**रायपुर 8 नवंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत एक सशक्त लोकतांत्रिक देश है, जो कानून और संविधान द्वारा शासित है। किसी को भी इन कानूनों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और अन्य व्यापारिक संगठनों ने पिछले कुछ वर्षों से इन मुद्दों को उठाया है। कैट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का स्वागत करता है, जो सही दिशा में उठाया गया कदम है। इससे पहले, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने भी अमेज़न, फ्लिपकार्ट और उनके पसंदीदा विक्रेताओं को छोटे व्यापारियों और किराना दुकानों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए जुर्माने का नोटिस जारी किया था।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी और प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत में, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हमें उम्मीद है कि अब कानून अपना सही कार्य करेगा और छोटे दुकानदारों की आजीविका की रक्षा करेगा।

यह सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी संस्था को व्यापारिक समुदाय को नुकसान पहुँचाने की अनुमति न दी जाए। विदेशी निवेश नियमों के उल्लंघन और क्विक कॉमर्स कंपनियों जैसे ब्लिंकिट, स्विगी और ज़ेप्टो द्वारा अपनाए गए प्रतिस्पर्धा-विरोधी उपायों के संबंध में व्यापारिक समुदाय द्वारा दर्ज की गई अनेक शिकायतों के जवाब में, हम सीसीआई और ईडी से अपील करते हैं कि वे तेजी से कार्रवाई करें, ताकि छोटे व्यापारियों के व्यवसाय को और अधिक अपूरणीय क्षति से बचाया जा सके।

# कांग्रेस का हाथ सदैव अपराधियों के साथ:भाजपा

**रायपुर 8 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस को अपराधियों की पार्टी बताते हुए कहा है कि कांग्रेस आज राजनीतिक दल कम, अपराधियों के संगठित गिरोह की शक्ल ज्यादा अख्तियार कर चुकी है। अमूमन हर बड़े अपराधों या आपराधिक षड्यंत्रों में कांग्रेस नेताओं या फिर उनके बेहद करीबियों की संलिप्तता लगातार सामने आ रही है। श्री खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस का यह राजनीतिक चरित्र हो चला है और उसने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है।



भाजपा विधायक खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस को अब अपराधियों की पार्टी कहना कतई अतिशयोक्ति नहीं होगा क्योंकि कांग्रेस केवल अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती रही है। कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बड़े-बड़े अपराधों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। बलौदाबाजार की हिंसा और आगजनी की घटना में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव अभी तक जेल में हैं और उन्हें जमानत भी नहीं मिल पा रही है। सूरजपुर की घटना में एक पुलिसकर्मी की पत्नी एवं बेटी की निर्मम हत्या कांग्रेस के कार्यकर्ता ही करते हैं। श्री खुशवंत साहेब ने कहा कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता किसानों को धमकी देते हैं और उनकी जमीन छीनने की कोशिश करते हैं। बलौदाबाजार के मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर 40 लख रुपए की ठगी कांग्रेस के नेता एवं उनके भाई द्वारा की जाती है। इससे साबित होता है कि कांग्रेस अपराध और अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी है और उन अपराधियों के संरक्षक और सबसे बड़े पैरोकार स्वयं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। श्री खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए मोहन मरकाम ने विधानसभा में डीएमएफ घोटाले में जिस अधिकारी की संलिप्तता बताई थी, उसी अधिकारी के बेटे को आज विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस का हाथ सदेव अपराधियों के साथ ही रहता है।

## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ एफआईआर की खबर भ्रामक: कांग्रेस

**रायपुर 8 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष श्री दीपक बैज के खिलाफ कहीं भी, कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है और न ही पीसीसी अध्यक्ष ने गुजरात की स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में कोई पोस्ट एक्स पर कभी किया था। रायपुर दक्षिण के चुनाव में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की सक्रियता से घबराई भाजपा के आईटी सेल ने इस फर्जी खबर को प्रचारित कर कांग्रेस अध्यक्ष की छवि खराब करने की कोशिश किया था। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने 31 अक्टूबर को बिलासपुर के जिला अस्पताल का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट किया था जिसमें एक व्यक्ति घायल अवस्था में अस्पताल के फर्श पर तड़प रहा था। डॉक्टर बातचीत में मशगूल थे, उसका इलाज नहीं कर रहे थे यह वीडियो छत्तीसगढ़ के बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का आईना था। यह घायल व्यक्ति बिलासपुर के दयालबंद निवासी जगमीत सिंह थे। जिनकी उस अवस्था में वीडियो को कांग्रेस के बिलासपुर के पूर्व पार्षद पंचराम सूर्यवंशी ने बनाया था।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26